
दैनिक हिन्दी समाचार पत्र

# जिला नज़र

नजरिया सच का ...

UPHIN/25/A3912



सृजन होता है युगों में, ध्वंस होता एक क्षण में ।
खो रहे हो शक्ति को क्यों व्यर्थ ही परमाणु रण में ??
@नरेन्द्र शर्मा "नरेन्द्र"

आगरा, शुक्रवार, 6 मार्च 2026, विक्रम सम्वत- 2082, चैत्र मास, नक्षत्र -पुष्य, पक्ष- कृष्ण पक्ष, तिथि -तृतीया, वर्ष -01, अंक 04, पृष्ठ-8, मूल्य - दो रुपए

आगरा, अलीगढ़, झांसी, बस्ती, कानपुर से एक साथ प्रकाशित

## छोटी खबरें

### जंग के बीच ट्रंप ने दी होली की शुभकामनाएं



**नई दिल्ली।** अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने होली पर शुभकामनाएं दी हैं। उन्होंने पर लिखा- मेलानिया और मैं होली मनाने वाले सभी लोगों को अपनी शुभकामनाएं भेजते हैं। होली वसंत के आने का स्वागत करने वाला दिन है। यह अच्छाई की बुराई पर जीत का जश्न मनाने का त्योहार है। अमेरिका में होली मनाने वाले समुदायों के लिए आशा, शांति और एकता से भरा दिन की कामना करता हूं।

### होर्मुज स्ट्रेट: ईरान ने बदला आदेश

**नई दिल्ली।** ईरान ने होर्मुज स्ट्रेट पर कल के अपने आदेश में संशोधन किया है। ईरान ने ऐलान किया कि होर्मुज स्ट्रेट अब केवल अमेरिका, इजरायल, यूरोप और उनके पश्चिमी सहयोगियों के लिए बैन रहेगा। इन देशों के जहाज अगर यहां से गुजरे तो उन पर जरूर हमला किया जाएगा। नए संशोधित आदेश से साफ है कि भारत के जहाजों पर ईरान की ओर से कोई रोक नहीं है। इससे पहले ईरान ने कहा था कि चीन के अलावा सभी देशों के लिए यह रूट बंद है।

### पाक क्रिकेटर की ना'पाक' हरकत

**नई दिल्ली।** पाकिस्तान टीम के एक खिलाड़ी पर महिला से बदसलूकी करने के आरोप में जुर्माना लगाया गया है। आरोप है कि T20 WC के दौरान श्रीलंका के एक होटल में पाकिस्तानी खिलाड़ी ने महिला के साथ बदसलूकी की। महिला कर्मचारी ने शोर मचाकर मदद के लिए पुकारा, जिसके बाद होटल के अन्य कर्मचारी मौके पर पहुंचे। खिलाड़ी का नाम सामने नहीं आया है। टीम मैनेजर नवेद चीमा ने महिला स्टाफ से माफी मांगते हुए खिलाड़ी पर जुर्माना लगाया है।

### भारत के पास तेल और गैस का पर्याप्त स्टॉक

**नई दिल्ली।** मिडिल ईस्ट में बढ़ते तनाव के बीच सरकारी सूत्रों ने बताया, भारत के पास पेट्रोल, डीजल और क्रूड ऑयल का 50 दिनों का पर्याप्त स्टॉक है। घबराने की जरूरत नहीं है। IEA, OPEC से भी चर्चा हो रही है। LPG, LNG खरीद के साथ जहाजों के सुरक्षित ट्रांजिट को लेकर देशों से बातचीत हो रही है। ऑस्ट्रेलिया-कनाडा ने भी गैस का ऑफर भारत को दिया है। UAE-US से नया कॉन्ट्रैक्ट हुआ है। देश में LPG-LNG की कोई कमी नहीं है।

# राज्यसभा से पहले नीतीश की बड़ी शर्त, गृह मंत्रालय पर जेडीयू का फिर दावा

**बीजेपी के पास गया था गृह विभाग, जेडीयू ने जताया असंतोष - विपक्ष ने साधा निशाना, एनडीए में हलचल तेज**

जिला नजर विशेष संवाददाता



**पटना।** बिहार की राजनीति में एक बार फिर हलचल तेज हो गई है। मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के राज्यसभा जाने की चर्चाओं के बीच जेडीयू ने बीजेपी के सामने बड़ी शर्त रख दी है। सूत्रों के मुताबिक जेडीयू ने राज्य के गृह मंत्रालय पर दोबारा दावा ठोकते हुए इसे अपने खाते में देने की मांग की है।

जानकारी के अनुसार बिहार में एनडीए सरकार के दौरान पिछले करीब दो दशकों तक गृह विभाग आमतौर पर नीतीश कुमार के पास ही रहा है। हालांकि हालिया विधानसभा चुनाव के बाद विभागों के बंटवारे में यह अहम मंत्रालय बीजेपी को मिल गया था, जिसके बाद से जेडीयू के भीतर असंतोष की चर्चा चल रही थी। अब बदले राजनीतिक समीकरणों के बीच जेडीयू ने गृह विभाग की जिम्मेदारी फिर से लेने की इच्छा जताई है और इस संबंध में बीजेपी नेतृत्व को संकेत दे दिए गए हैं। माना जा रहा है कि एनडीए के भीतर इस मुद्दे पर जल्द बातचीत हो सकती है।

वहीं इस पूरे घटनाक्रम पर विपक्ष ने भी तीखी प्रतिक्रिया दी है। आरजेडी नेता तेजस्वी यादव ने कहा कि बीजेपी ने नीतीश कुमार को किनारे करने की कोशिश की है। कांग्रेस नेता रणदीप सुरजेवाला ने इसे जनता के साथ धोखा बताया, जबकि पप्पू यादव ने भी बीजेपी पर पुराने सहयोगी को अपमानित करने का आरोप लगाया।

उधर जेडीयू के भीतर भी हलचल दिखाई दे रही है। पटना में नीतीश कुमार के आवास पर कुछ कार्यकर्ताओं ने उन्हें राज्यसभा भेजे जाने का विरोध करते हुए नारेबाजी की। वहीं जेडीयू सांसद राजीव रंजन पटेल ने कहा कि नीतीश कुमार को मुख्यमंत्री बने रहना चाहिए।

राजनीतिक विश्लेषकों का मानना है कि एनडीए के भीतर चल रहे इस घटनाक्रम के पीछे लंबे समय से रणनीति तैयार की जा रही थी और आने वाले दिनों में बिहार की राजनीति में नए समीकरण देखने को मिल सकते हैं।


**संसद से बिहार और बिहार से संसद तक, ऐसा रहा नीतीश का सफर...**

* 1985 में पहली बार विधायक, 1989 में पहली बार सांसद
* 1990 में केंद्रीय कृषि एवं सहकारिता राज्यमंत्री बने
* 1999 में केंद्रीय भूतल परिवहन मंत्री बने
* सन 2000 में केंद्रीय कृषि मंत्री बने
* 2001 से 2004 तक देश के रेल मंत्री रहे
* सन 2000 में 7 दिन के लिए सीएम बने (अल्पमत)
* 2005 से अब तक सीएम (बीच में मई 2014 से 9 महीने के लिए जीतनराम मांझी सीएम रहे)

# इजराइल-ईरान जंग जल्द खत्म हो: पीएम मोदी

**सैन्य संघर्ष किसी समस्या का समाधान नहीं**

नई दिल्ली



प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने गुरुवार को दिल्ली में मिडिल ईस्ट और यूक्रेन में जारी जंग को जल्दी खत्म करने की अपील की। उन्होंने कहा कि सैन्य संघर्ष से कोई भी मसला हल नहीं हो सकता। भारत सभी विवादों के शांतिपूर्ण समाधान और शांति स्थापित करने की कोशिशों का समर्थन करता रहेगा।

पीएम ने यह बात फिनलैंड के राष्ट्रपति अलेक्जेंडर स्टब के साथ द्विपक्षीय वार्ता के बाद कही। उन्होंने कहा कि भारत और फिनलैंड दोनों ही कानून के शासन, संवाद और कूटनीति में विश्वास रखते हैं। हम इस बात पर सहमत हैं कि सिर्फ सैन्य संघर्ष से कोई भी समस्या हल नहीं हो सकती।

अमेरिका-इजराइल और ईरान के बीच छह दिनों से जंग जारी है। अल जजीरा के मुताबिक, इस संघर्ष में अब तक 5000 से ज्यादा बम गिराए हैं। वहीं 20 ईरानी वॉरशिप को डुबो दिया है। इन हमलों में एक हजार से ज्यादा लोग मारे गए हैं। ईरान ने भी पलटवार करते हुए मिडिल ईस्ट के 9 देशों में बने अमेरिकी बेस पर हमला किया है। फिनलैंड के राष्ट्रपति अलेक्जेंडर स्टब बुधवार को चार दिवसीय भारत दौरे पर आए हैं। इस दौरे का उद्देश्य व्यापार, निवेश और उभरती प्रौद्योगिकियों सहित कई क्षेत्रों में द्विपक्षीय सहयोग को बढ़ाना है। बैठक में दोनों देशों ने डिजिटलाइजेशन और सस्टेनेबिलिटी के क्षेत्रों में सहयोग बढ़ाने पर सहमति जताई।

## भारतीय फाइटर जेट गिरा

**असम।** असम के कार्बी आंगलोंग जिले में एयरफोर्स का सुखोई-30MKI फाइटर जेट क्रैश हो गया। जोरहाट से उड़ान भरते समय शाम 7 बजे चोकीहोला के पास दुर्गम पहाड़ी इलाके में दुर्घटनाग्रस्त हुआ। इलाके की भौगोलिक स्थिति बेहद कठिन है। जिससे मौके पर पहुंचना एक बड़ी चुनौती है। क्रैश के बाद पायलट का कोई पता नहीं चल सका है।


### महाराष्ट्र में धर्मांतरण विरोधी बिल पास

**मुंबई।** महाराष्ट्र सरकार ने राज्य में लंबे से लंबित धर्मांतरण विरोधी कानून को लेकर बड़ा फैसला लिया है। उट देवेंद्र फडणवीस कैबिनेट ने इस बिल को मंजूरी दे दी है। सरकार के इस फैसले के बाद अब जल्द ही इस संबंध में शासन निर्णय जारी किए जाने की तैयारी है। नए कानून के तहत कोई व्यक्ति जबरन, धोखे से या प्रलोभन देकर धर्मांतरण कराता है तो उसके खिलाफ नॉन बेलेबल अपराध के तहत मामला दर्ज किया जाएगा।

### पाकिस्तान की हालत खराब, सिर्फ 10 दिन...

**नई दिल्ली ।** ईरान और अमेरिका जंग की वजह से तेल सप्लाई पर संकट पैदा हो गया है। पाकिस्तान जैसे देश के हालात खराब हो रहे हैं। उसके पास कच्चे तेल का सिर्फ 10 दिन का रिजर्व शेष है। पेट्रोलियम 28 दिन और छद्म 15 दिनों के लिए बची है। ऐसे में पाकिस्तान ने लोगों से फ्यूल बचाने की अपील की है और लोगों को घर से काम करने के लिए कहा है, ताकि कम से कम एनर्जी की खपत हो सके।

### चुनाव से पहले बंगाल के राज्यपाल ने दिया इस्तीफा



**कोलकाता।** पश्चिम बंगाल में विधानसभा चुनाव से पहले हलचल तेज हो गई है। बंगाल के राज्यपाल सीवी आनंद बोस ने इस्तीफा दे दिया है। उनके इस्तीफे की वजह सामने नहीं आई है। वह इस्तीफा देने के बाद दिल्ली रवाना हो गए हैं। डॉ. सीवी बोस को 17 नवंबर 2022 को पश्चिम बंगाल का राज्यपाल नियुक्त किया गया था।

### T20 WC: कमाल, धमाल, बवाल, जय हो इंडिया

**मुम्बई।** T20 WC का दूसरा सेमीफाइनल मुकाबला भारत ने 7 रन से जीत लिया है। इस जीत के साथ ही भारतीय टीम फाइनल में पहुंच गई है। पहले बल्लेबाजी करते हुए भारतीय टीम ने इंग्लैंड को 254 रन का टारगेट दिया था।

(शेष खबर पेज-8)

## संपादकीय


# भारत की वैश्विक भूमिकाः उभरता शक्ति केंद्र

2026 में भारत वैश्विक पटल पर एक प्रमुख शक्ति के रूप में उभर रहा है, जहां आर्थिक गतिशीलता, कूटनीतिक लचीलापन और तकनीकी नवाचार इसकी भूमिका को परिभाषित कर रहे हैं। अंतरराष्ट्रीय मुद्रा कोष के आंकड़ों के अनुसार, भारत 2026 में वैश्विक विकास हिस्सेदारी में अमेरिका को पीछे छोड़ते हुए दुनिया की सबसे तेजी से बढ़ती अर्थव्यवस्था बनेगा, जिससे दक्षिण एशिया को वैश्विक विकास का केंद्र बनाया जा रहा है। विश्व आर्थिक मंच की रिपोर्ट भी इस गति को बरकरार रखने की भविष्यवाणी करती है, जहां भारत की जीडीपी वृद्धि दर 7% से ऊपर रहने की संभावना है। यह न केवल आर्थिक सुधारों (जैसे मेक इन इंडिया और डिजिटल इंडिया) का परिणाम है, बल्कि वैश्विक आपूर्ति श्रृंखलाओं में भारत की एकीकरण की रणनीति का भी। कूटनीतिक मोर्चे पर, भारत की विदेश नीति अब कठोर गठबंधनों से हटकर हित-आधारित और व्यावहारिक दृष्टिकोण अपनाने की ओर अग्रसर है। ग्लोबल साउथ के नेता के रूप में, भारत अफ्रीका और एशिया में अपना प्रभाव मजबूत कर रहा है, हालांकि चीन की तुलना में अभी यह सीमित है। 2026 में प्राथमिकताएं व्यापार विस्तार, कनेक्टिविटी निर्माण, ऊर्जा सहयोग और रक्षा आदान-प्रदान पर केंद्रित हैं। QUAD और BRICS जैसे मंचों के माध्यम से, भारत इंडो-पैसिफिक क्षेत्र में स्थिरता सुनिश्चित कर रहा है, जबकि G20 और UN में विकासशील देशों की आवाज बुलंद कर रहा है। फरवरी 2026 में आयोजित इंडिया AI इम्पैक्ट समिट, जहां वैश्विक नेता और दिग्गज जुटे, भारत की अकमिशन ($1 बिलियन से अधिक) को वैश्विक स्तर पर प्रदर्शित करता है। हालांकि, चुनौतियां कम नहीं हैं। सुरक्षा दृष्टि से, नई शक्ति नियमों के बीच भारत को सीमा विवादों (चीन, पाकिस्तान) और साइबर खतरों से जूझना पड़ रहा है। जलवायु परिवर्तन और वैश्विक असमानता जैसे मुद्दों पर भारत की भूमिका राष्ट्रीय हितों की रक्षा के साथ वैश्विक जिम्मेदारियों को संतुलित करने की मांग करती है। कुल मिलाकर, 2026 भारत के लिए 'उदय का वर्ष' है, जहां यह न केवल आर्थिक इंजन बनेगा, बल्कि बहुपक्षीयता को मजबूत कर शांति और समृद्धि का पुल भी। यदि भारत अपनी रणनीतिक पसंदों को सावधानी से चुनता है, तो यह वैश्विक व्यवस्था का नया केंद्र बन सकता है।



**– सन्त कुमार**

# नीतीश का विदाई मोड़ः क्या बिहार में दोहराएगा शिवसेना जैसा राजनीतिक अध्याय?



विकास भारद्वाज


बिहार की राजनीति एक ऐसे मोड़ पर खड़ी दिखाई दे रही है, जहाँ एक लंबे राजनीतिक युग के समापन की आहट सुनाई देने लगी है। राज्य की सत्ता पर दो दशकों से अधिक समय तक प्रभाव बनाए रखने वाले मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने 75 वर्ष की आयु पूर्ण करने के साथ ही राज्यसभा सदस्यता के लिए नामांकन दाखिल करने का संकेत देकर एक नई राजनीतिक बहस को जन्म दे दिया है। यदि विश्वास मत के बाद वे मुख्यमंत्री पद से इस्तीफा देते हैं, तो बिहार में पहली बार भाजपा के नेतृत्व में मुख्यमंत्री बनने का रास्ता साफ हो सकता है। यह केवल एक व्यक्ति का पद परिवर्तन नहीं, बल्कि बिहार की गठबंधन राजनीति के चरित्र में संभावित बदलाव का संकेत भी है। नीतीश कुमार ने अपने समर्थकों को आश्वस्त किया है कि वे नई सरकार को पूर्ण सहयोग और मार्गदर्शन देंगे। किंतु राजनीतिक गलियारों में यह प्रश्न तेजी से उठ रहा है कि क्या यह निर्णय एक स्वाभाविक राजनीतिक संक्रमण है, या फिर भाजपा की बढ़ती महत्वाकांक्षा के सामने क्षेत्रीय दल की मजबूरी? यही वह बिंदु है जहाँ महाराष्ट्र की शिवसेना का उदाहरण बार-बार चर्चा में आ रहा है।

साल 2022 में महाराष्ट्र की राजनीति में जो घटनाक्रम सामने आया, उसने गठबंधन राजनीति की विश्वसनीयता पर गहरा प्रश्नचिन्ह लगा दिया था। शिवसेना के भीतर एकनाथ शिंदे के नेतृत्व में विद्रोह हुआ और भाजपा के समर्थन से उद्धव ठाकरे की सरकार गिर गई। परिणामस्वरूप शिवसेना दो धड़ों में बंट गई—एक सत्ता में और दूसरा विपक्ष में। इस विभाजन ने न केवल शिवसेना के संगठनात्मक ढांचे को कमजोर किया, बल्कि क्षेत्रीय दलों को यह संदेश भी दिया कि राष्ट्रीय दलों के साथ गठबंधन में शक्ति संतुलन बनाए रखना कितना कठिन हो सकता है। बिहार की राजनीति में भी यह आशंका समय-समय पर व्यक्त होती रही है। स्वयं नीतीश कुमार ने 2022 में भाजपा से अलग होकर महागठबंधन का दामन थामते समय यह आरोप लगाया था कि भाजपा धीरे-धीरे सहयोगी दलों के राजनीतिक आधार को कमजोर करने की रणनीति अपनाती है। हालांकि 2024 में उन्होंने फिर से एनडीए में वापसी कर ली और 2025 के विधानसभा चुनाव में गठबंधन को स्पष्ट बहुमत भी मिला। उस चुनाव में भाजपा और जेडीयू दोनों ने लगभग समान राजनीतिक शक्ति का प्रदर्शन किया, लेकिन भाजपा की बढ़ती संगठनात्मक क्षमता ने शक्ति संतुलन को लेकर नई चर्चाएँ भी जन्म दीं। आज की परिस्थिति में यदि नीतीश कुमार सक्रिय सत्ता से हटते हैं, तो भाजपा के लिए बिहार में नेतृत्व स्थापित करने का अवसर बन सकता है। सम्राट चौधरी, विजय सिन्हा या नित्यानंद राय जैसे नेताओं के नाम संभावित मुख्यमंत्री के रूप में सामने आ रहे हैं। वहीं कुछ चर्चाएँ इस ओर भी इशारा करती हैं कि नीतीश कुमार के पुत्र निशांत कुमार को उपमुख्यमंत्री के रूप में आगे लाया जा सकता है, जिससे जेडीयू के राजनीतिक अस्तित्व को संतुलित रखने की कोशिश हो सकती है।

लेकिन इस पूरे घटनाक्रम का दूसरा पहलू भी है। बिहार की राजनीति लंबे समय से गठबंधनों की राजनीति रही है, जहाँ सामाजिक समीकरण और क्षेत्रीय नेतृत्व निर्णायक भूमिका निभाते हैं। यदि जेडीयू को कमजोर करने की कोई प्रक्रिया तेज होती है, तो उसका असर केवल एक दल तक सीमित नहीं रहेगा, बल्कि पूरे राजनीतिक परिदृश्य को अस्थिर कर सकता है। नीतीश कुमार को बिहार के प्रशासनिक और सामाजिक सुधारों—विशेषकर सड़क, शिक्षा और महिला सशक्तिकरण—के लिए लंबे समय तक याद किया जाएगा। ऐसे में उनका राजनीतिक अवसान किस रूप में दर्ज होगा, यह भी महत्वपूर्ण प्रश्न है। यदि सत्ता परिवर्तन सहमति और सम्मानजनक संक्रमण के साथ होता है, तो यह लोकतांत्रिक परिपक्वता का उदाहरण बनेगा। लेकिन यदि इसके पीछे राजनीतिक दबाव और शक्ति संतुलन का संकट दिखाई देता है, तो यह शिवसेना जैसी घटनाओं की स्मृति को ताजा कर सकता है। बिहार आज भी विकास और स्थिरता की चुनौती से जूझ रहा है। ऐसे में राजनीतिक दलों की जिम्मेदारी केवल सत्ता प्राप्ति तक सीमित नहीं होनी चाहिए, बल्कि लोकतांत्रिक विश्वास को बनाए रखना भी उतना ही आवश्यक है। नीतीश कुमार की संभावित विदाई इसी कसौटी पर परखी जाएगी—क्या यह शांतिपूर्ण राजनीतिक परिवर्तन का प्रतीक बनेगी, या फिर क्षेत्रीय राजनीति के कमजोर होते आधार की एक और कहानी लिखेगी।

समय के साथ इस प्रश्न का उत्तर स्पष्ट होगा, लेकिन फिलहाल इतना तय है कि बिहार की राजनीति एक महत्वपूर्ण संक्रमणकाल से गुजर रही है, जिसका प्रभाव आने वाले वर्षों में राष्ट्रीय राजनीति तक महसूस किया जाएगा।

# वैश्विक ऊर्जा बाजारों में अस्थिरता!



शंकर देव तिवारी

मध्य पूर्व में जारी संघर्ष ने वैश्विक ऊर्जा बाजारों में अस्थिरता बढ़ा दी है। अमेरिका, इजराइल और ईरान के बीच बढ़ते तनाव ने कच्चे तेल की आपूर्ति को प्रभावित किया है, जिसका सीधा असर तेल आयात पर निर्भर देशों पर पड़ रहा है। इस बीच, दुनिया के सबसे बड़े ऊर्जा आयातकों में शामिल भारत ने संभावित आर्थिक झटके से निपटने के लिए तैयारी तेज कर दी है। हम आपको बता दें कि विशेष चिंता का विषय Strait of Hormuz है, जो वैश्विक तेल आपूर्ति का एक प्रमुख समुद्री मार्ग है। खाड़ी क्षेत्र से निकलने वाला बड़ा हिस्सा इसी रास्ते से होकर गुजरता है। यदि यह मार्ग बाधित होता है, तो अंतरराष्ट्रीय बाजार में कच्चे तेल की कीमतों में तेज उछाल आ सकता है। इसका असर भारत की आयात लागत, चालू खाता घाटे और महंगाई दर पर पड़ सकता है।

सरकारी सूत्रों के अनुसार, भारत ने एहतियातन कई कदमों पर विचार शुरू कर दिया है। पेट्रोल और डीजल के निर्यात को सीमित करने की रणनीति तैयार की जा रही है ताकि घरेलू बाजार में ईंधन की उपलब्धता सुनिश्चित की जा सके। तेल विपणन कंपनियों को पर्याप्त भंडार बनाए रखने और जरूरत पड़ने पर आपूर्ति प्राथमिकता से घरेलू उपभोक्ताओं को देने के निर्देश दिए गए हैं। भारत के पास वर्तमान में सीमित रणनीतिक भंडार है। अनुमान है कि कच्चे तेल का भंडार लगभग 17-18 दिनों की जरूरत पूरी कर सकता है, जबकि पेट्रोल और डीजल का स्टॉक करीब तीन सप्ताह तक चल सकता है। यदि संकट लंबा खिंचता है, तो सरकार को वैकल्पिक आपूर्ति स्त्रोतों पर अधिक निर्भर होना पड़ सकता है। इसी दिशा में भारत ने रूस सहित अन्य देशों से अतिरिक्त कच्चा तेल आयात बढ़ाने के विकल्पों पर विचार किया है। बीते वर्षों में रूस से रियायती दरों पर तेल खरीद भारत के लिए लाभदायक साबित हुई है।

विशेषज्ञों का मानना है कि आपूर्ति स्त्रोतों का विविधीकरण इस संकट के समय महत्वपूर्ण भूमिका निभा सकता है। इसके साथ ही LPG और LNG आपूर्ति भी चिंता का विषय है, क्योंकि भारत अपनी खपत का बड़ा हिस्सा आयात करता है। यदि समुद्री परिवहन में व्यवधान आता है, तो घरेलू गैस वितरण पर दबाव बढ़ सकता है। इस स्थिति से निपटने के लिए सरकार घरेलू उत्पादन बढ़ाने और वैकल्पिक आपूर्ति श्रृंखलाओं को सक्रिय करने पर जोर दे रही है। आर्थिक विश्लेषकों का कहना है कि यदि तेल की कीमतें लंबे समय तक ऊंची बनी रहती हैं, तो इसका असर महंगाई, परिवहन लागत और औद्योगिक उत्पादन पर पड़ेगा। इससे विकास दर पर भी दबाव आ सकता है। हालांकि सरकार का दावा है कि वह बाजार की स्थिति पर लगातार नजर रखे हुए है और जरूरत पड़ने पर त्वरित हस्तक्षेप करेगी। निर्यात क्षेत्र को भी संभावित जोखिमों के बारे में सतर्क किया गया है। परिवहन लागत में वृद्धि और आपूर्ति श्रृंखला में बाधा से व्यापार प्रभावित हो सकता है।

सरकार ने निर्यातकों को आश्वासन दिया है कि आवश्यक वित्तीय और नीतिगत समर्थन उपलब्ध कराया जाएगा। कुल मिलाकर, मध्य पूर्व का यह संघर्ष केवल क्षेत्रीय नहीं बल्कि वैश्विक आर्थिक चुनौती बनता जा रहा है। भारत ने समय रहते रणनीतिक कदम उठाने शुरू कर दिए हैं, ताकि ऊर्जा सुरक्षा और आर्थिक स्थिरता को बनाए रखा जा सके। आने वाले दिनों में अंतरराष्ट्रीय घटनाक्रम यह तय करेंगे कि संकट कितना गहरा होता है और वैश्विक अर्थव्यवस्था पर इसका कितना व्यापक असर पड़ता है।

# केंद्र की राजनीति में नीतीश, बिहार बेटे के हवाले!



अजय कुमार, वरिष्ठ पत्रकार
लखनऊ

बिहार के लंबे समय से मुख्यमंत्री नितीश कुमार ने राज्यसभा का रास्ता पकड़ लिया है। उनकी जीत निश्चित मानी जा रही है क्योंकि जनता दल यूनाइटेड के पास पर्याप्त विधायक संख्या है। इस फैसले ने पार्टी में भारी हलचल मचा दी है। कार्यकर्ता जगह-जगह प्रदर्शन कर रहे हैं और नितीश को ही मुख्यमंत्री बनाए रखने के नारे लगा रहे हैं। मुख्यमंत्री आवास के बाहर सैकड़ों समर्थक इकट्ठा हो गए और उन्होंने साफ कहा कि नितीश के अलावा कोई स्वीकार्य नहीं। जनता दल यूनाइटेड के कार्यकताओं का गुस्सा सड़कों पर उतर आया है। पटना में मुख्यमंत्री आवास का घेराव किया गया और हिलसा के विधायक को भी रोक लिया गया। कार्यकताओं का आरोप है कि कुछ लोग साजिश रच रहे हैं।पार्टी नेता विजय चौधरी ने कहा कि राज्यसभा जाने का फैसला नीतीश का अपना है। उन्होंने कार्यकताओं से संयम बरतने की अपील की लेकिन हलचल थमने का नाम नहीं ले रही। एक तरफ युवा कार्यकर्ता निशांत कुमार के प्रवेश का स्वागत कर रहे हैं वहीं पुराने साथी नीतीश की विदाई से दुखी हैं। नीतीश ने फेसबुक पर लिखा कि संसदीय जीवन से ही राज्यसभा सदस्य बनने की इच्छा थी। उन्होंने बिहारवासियों को भरोसा दिलाया कि विकसित बिहार बनाने का संकल्प कायम रहेगा और नई सरकार को पूरा सहयोग देंगे। कई लोग इसे बीजेपी की दबाव की राजनीति का नतीजा बता रहे हैं। गठबंधन में भाजपा की संख्या अधिक होने से नया मुख्यमंत्री उनका हो सकता है। सम्राट चौधरी या नित्यानंद राय जैसे नाम चर्चा में हैं। लेकिन दूसरा पहलू परिवार को मजबूत करने का लगता है। नीतीश की उम्र सत्तर पार कर चुकी है और स्वास्थ्य समस्याएं लगातार घेरे रहती हैं। मेदांता अस्पताल में रूटीन चेकअप की खबरें आती रहती हैं। ऐसे में इंजीनियर बेटे निशांत को बिहार राजनीति में स्थापित करने की तैयारी है। पार्टी नेता श्रवण कुमार ने कहा कि युवाओं की मांग पर निशांत का प्रवेश तय हो गया। एक-दो दिन में घोषणा होगी। निशांत को डिप्टी मुख्यमंत्री बनाने की चर्चा तेज है ताकि बिहार में जड़ें मजबूत हों। भाजपा नेता दिलीप जायसवाल ने भी नई पीढ़ी के प्रवेश का स्वागत किया। नितीश के राज्यसभा जाने से बिहार की सियासत पूरी तरह बदल जाएगी। एनडीए में भाजपा का दबदबा बढ़ेगा और शायद पहली बार भाजपा का मुख्यमंत्री बने। जेडीयू का प्रभाव कम होगा लेकिन निशांत के नेतृत्व से नई ऊर्जा आएगी। विपक्षी दल जैसे राष्ट्रीय जनता दल को मौका मिलेगा। वे वंशवाद का आरोप लगाकर हमला बोलेंगे क्योंकि नीतीश हमेशा वंशवाद के खिलाफ रहे। लेकिन युवा मतदाता निशांत को स्वीकार कर सकते हैं क्योंकि वे शिक्षित और तकनीकी पृष्ठभूमि के हैं। केंद्र में नितीश की भूमिका मजबूत होगी। वे सामाजिक न्याय और विकास के मुद्दों पर बोल सकेंगे।

बिहार को केंद्र से अधिक फंड मिलने की संभावना बढ़ेगी। लेकिन राज्य में अस्थिरता आ सकती है अगर कार्यकताओं का विरोध बढ़ा। नया मुख्यमंत्री चुनने की प्रक्रिया तेज होगी। भाजपा विधायक दल नेता सम्राट चौधरी मजबूत दावेदार हैं जिनके पास वित्त और गृह जैसे विभाग हैं। विजय चौधरी भी दौड़ में हैं। निशांत डिप्टी बनकर संतुलन बनाए रखेंगे। यह बदलाव लंबी रणनीति का हिस्सा लगता है। नितीश राष्ट्रीय स्तर पर सक्रिय रहेंगे जबकि बिहार में नई पीढ़ी सत्ता संभालेगी। कार्यकताओं को मनाने के लिए पार्टी मंथन कर रही है। आने वाले दिनों में साफ हो जाएगा कि बिहार की कुर्सी किसकी होगी।

# रंगों की होली में जमकर बरसी खरीदारी आगरावासियों ने दो दिन में उड़ाए 84 करोड़ रुपये

**37 करोड़ की शराब, 22 करोड़ की मिठाई और 25 करोड़ के रंग-गुलाल व पिचकारियों की बिक्री; बाजारों में दिखी जबरदस्त रौनक**

जिला नजर संवाददाता

**आगरा।** होली के त्योहार पर इस बार आगरा में उत्साह के साथ-साथ बाजारों में भी जबरदस्त रौनक देखने को मिली। दो दिनों में शहरवासियों ने करीब 84 करोड़ रुपये की खरीदारी कर डाली। इसमें सबसे अधिक बिक्री शराब, मिठाई और रंग-गुलाल की रही।

आबकारी विभाग से प्राप्त जानकारी के अनुसार होली के अवसर पर शराब की बिक्री में लगभग 20 प्रतिशत की बढ़ोतरी दर्ज की गई। शहर में दो दिनों के भीतर करीब 37 करोड़ रुपये की शराब बिक गई। जिले में मौजूद 266 कंपोजिट शॉप, 338 देशी शराब की दुकानें, 24 मॉडल शॉप और 8 प्रीमियम रिटेल शॉप पर ग्राहकों की भारी भीड़ देखी गई। कई लोगों ने त्योहार को देखते हुए घरों में पहले से ही शराब का स्टॉक भी कर लिया, जिससे दुकानदारों की बिक्री में तेजी आई। वहीं मिठाइयों की दुकानों पर भी सुबह से देर रात तक ग्राहकों की लंबी कतारें लगी रहीं। अनुमान के अनुसार शहर में करीब 22







करोड़ रुपये की मिठाई और चॉकलेट की बिक्री हुई। इनमें सबसे अधिक मांग पारंपरिक होली मिठाई गुझिया की रही, जिसकी बिक्री ही करीब 5 से 7 करोड़

**होली से पहले आगरा के बाजारों में उमड़ी भीड़, मिठाई की दुकानों से लेकर रंग-गुलाल और शराब की दुकानों तक खरीदारी का रहा जबरदस्त उत्साह।**

रुपये तक पहुंच गई। इसके अलावा मठरी, नमकीन और चॉकलेट गिफ्ट पैक भी लोगों की पसंद बने रहे। रंगों के त्योहार पर रंग-गुलाल और पिचकारियों का बाजार भी पीछे नहीं रहा। इस बार शहर में करीब 25 करोड़ रुपये का कारोबार इस क्षेत्र में हुआ। सामान्य गुलाल की तुलना में हर्बल और प्रीमियम गुलाल की मांग ज्यादा देखी गई। बच्चों और युवाओं के बीच प्रेशर सिलिंडर पिचकारी, टैंक गन और कलर स्प्रे की खास लोकप्रियता रही।

त्योहार की इस चहल-पहल ने एक बार फिर साबित कर दिया कि होली केवल रंगों का पर्व ही नहीं, बल्कि बाजार और कारोबार के लिए भी बड़े अवसर का त्योहार बन चुकी है।

## छोटी खबरें

### अस्पताल में एक दुर्लभ बीमारी से ग्रस्तित बच्चे ने जन्म लिया, डाक्टरों ने सफल आपरेशन कर आंखों को ठीक किया




जिला नजर संवाददाता

**कागारौल/आगरा।** ताजनगरी आगरा में कागारौल आगरा मार्ग स्थित एच बी एम हॉस्पिटल कमाल खां ,आगरा में 26 फरवरी 2026 को एक बच्चे ने जन्म लिया, जो कि एक बहुत ही दुर्लभ बीमारी से ग्रसित था। विशेषज्ञों से सलाह लेने पर पता चला कि इस प्रकार का रोग हिंदुस्तान में बहुत कम होता है । डॉक्टर्स का कहना था इस प्रकार का केस हमने पहली बार देखा है, इसके बाद आगरा के जाने–माने क्रिटिकल स्पेशलिस्ट डॉक्टर जहांगीर अल्वी , नेत्र रोग विशेषज्ञ डॉ अर्पिता के परामर्श एवं टीम की देखरेख से बच्चे की आंखें पूर्ण रूप से स्वस्थ हो गई, जिसके लिए बच्चे के माता–पिता एवं परिवार ने हॉस्पिटल स्टाफ और डॉक्टर साहब का शुक्रिया अदा किया।

### एक्सप्रेसवे पर गाय से टकराई तेज रफ्तार कार, वाहन क्षतिग्रस्त



जिला नजर संवाददाता

**फतेहाबाद/आगरा।** आगरा– लखनऊ एक्सप्रेसवे पर देर रात एक तेज रफ्तार कार के सामने अचानक गाय आ जाने से हादसा हो गया। टक्कर में गाय की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि कार बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गई। हालांकि कार में सवार सभी लोग सुरक्षित बच गए। घटना एक्सप्रेसवे के किलोमीटर 27+900 आरएचएस के पास हुई। जानकारी के अनुसार चंडीगढ़ निवासी शिवम पुत्र रामतीर्थ अपनी कार से लखनऊ से चंडीगढ़ जा रहे थे। कार में उनके साथ विकास, विनय, मुकेश, कुलदीप और वल्लू भी सवार थे। अचानक सड़क पर गाय आ जाने से चालक कार पर नियंत्रण नहीं रख सका और वाहन गाय से टकरा गया। सूचना मिलने पर यूपीडा–5, पीआरवी 8647, सेफ्टी टीम और एम्बुलेंस 27 मौके पर पहुंच गई। राहत कार्य करते हुए दुर्घटनाग्रस्त कार को निजी क्रेन की मदद से हटवाया गया। इसके बाद कार सवार सभी लोग सुरक्षित चंडीगढ़ के लिए रवाना हो गए। एटलस सेफ्टी टीम को मृत गाय को जेसीबी से गड्ढा खोदकर दफनाने के निर्देश दिए गए हैं। हादसे के बाद एक्सप्रेसवे पर यातायात सामान्य रूप से चलता रहा।

## चलती ट्रेन में चढ़ने के प्रयास में यात्री गिरा, आरपीएफ जवान ने बचाई जान

**आगरा कैंट रेलवे स्टेशन पर बड़ा हादसा टला, सूझबूझ से जवान ने प्लेटफार्म और ट्रेन के बीच फंसे यात्री को निकाला**

जिला नजर संवाददाता

**आगरा।** आगरा कैंट रेलवे स्टेशन पर गुरुवार को एक बड़ा हादसा होते-होते टल गया, जब चलती ट्रेन में चढ़ने का प्रयास करते समय एक यात्री असंतुलित होकर प्लेटफार्म और ट्रेन के बीच गिर गया। मौके पर मौजूद आरपीएफ जवान की तत्परता और सूझबूझ से यात्री की जान बच गई। जानकारी के अनुसार दोपहर करीब 12:16 बजे



पंजाब मेल एक्सप्रेस आगरा कैंट रेलवे स्टेशन से रवाना हो रही थी। इसी दौरान एक यात्री तेजी से दौड़ते हुए ट्रेन में चढ़ने का प्रयास करने लगा, लेकिन उसका पैर फिसल गया और वह ट्रेन व प्लेटफार्म के बीच जा गिरा। यह दृश्य देखते ही वहां ड्यूटी पर तैनात आरपीएफ कांस्टेबल श्रीकांत तुरंत दौड़ पड़े और यात्री को खींचकर सुरक्षित बाहर निकाल लिया। घटना के बाद कुछ देर के लिए ट्रेन को रोका गया और यात्री को सुरक्षित ट्रेन में चढ़ा दिया गया। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार आरपीएफ जवान की त्वरित कार्रवाई से एक बड़ी दुर्घटना टल गई। गौरतलब है कि दो दिन पहले भी आगरा कैंट स्टेशन पर चलती ट्रेन में चढ़ने की कोशिश के दौरान एक महिला के बार-बार गिरने का वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हुआ था, जिसके बाद रेलवे प्रशासन ने यात्रियों से चलती ट्रेन में चढ़ने-उतरने से बचने की अपील की है।

## फेसबुक लाइव पर 'साहित्यिक होली का हुडदंग' में काव्य और रंगों का धमाल

**जिला नजर के आधिकारिक फेसबुक प्रोफाइल से हुआ ऑनलाइन आयोजन, एक घंटे का कार्यक्रम श्रोताओं के उत्साह से दो घंटे तक चला**

जिला नजर संवाददाता

**आगरा।** होली के रंगों और साहित्य की सुगंध से सराबोर साहित्यिक होली का हुडदंग कार्यक्रम जिला नजर दैनिक हिन्दी समाचार पत्र के आधिकारिक फेसबुक प्रोफाइल पर ऑनलाइन आयोजित किया गया। कार्यक्रम अपने निर्धारित समय रात्रि 8:00 बजे प्रारंभ हुआ और साहित्यकारों की प्रभावशाली प्रस्तुतियों तथा श्रोताओं के उत्साहपूर्ण कमेंट्स के कारण निर्धारित एक घंटे का यह आयोजन लगभग दो घंटे तक चलता रहा।

कार्यक्रम की शुरूआत मुजफ्फरनगर की सुप्रसिद्ध कवयित्री सुशीला शर्मा की सुमधुर वाणी में प्रस्तुत सरस्वती वंदना से हुई, जिसने पूरे आयोजन को आध्यात्मिक और साहित्यिक गरिमा प्रदान की। इसके बाद विभिन्न क्षेत्रों से जुड़े साहित्यकारों ने होली के रंग, सामाजिक सरोकार और मानवीय भावनाओं से जुड़ी अपनी रचनाओं से श्रोताओं का मन मोह लिया। कार्यक्रम की अध्यक्षता नरेंद्र शर्मा नरेंद्र (अलीगढ़) ने की, जबकि भूदत्त शर्मा (हरिद्वार), सोहनलाल शर्मा प्रेम (डींग,




राजस्थान), सुशीला शर्मा (मुजफ्फरनगर) और संत कुमार भारद्वाज (आगरा) विशिष्ट अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। कार्यक्रम का प्रभावी संचालन हरिनाथ शुक्ल हरी (सुल्तानपुर) ने किया।

फेसबुक लाइव के दौरान श्रोताओं की सक्रिय सहभागिता और लगातार आते कमेंट्स ने कार्यक्रम को और भी जीवंत बना दिया। अंत में जिला नजर दैनिक हिन्दी समाचार पत्र के संपादक संत कुमार भारद्वाज ने मंचासीन सभी साहित्यकारों का आभार व्यक्त किया। वहीं कार्यक्रम अध्यक्ष नरेंद्र शर्मा नरेंद्र ने सभी रचनाकारों की उत्कृष्ट प्रस्तुतियों की प्रशंसा करते हुए श्रोताओं के प्रति भी धन्यवाद ज्ञापित किया और कार्यक्रम के समापन की घोषणा की।

यह आयोजन केवल रंगों का पर्व नहीं, बल्कि साहित्य, संवेदना और संस्कृति के अद्भुत संगम के रूप में सामने आया, जहाँ शब्दों के अबीर-गुलाल से वातावरण साहित्यिक उल्लास से सराबोर हो उठा।

# दाऊजी मंदिर में बरसे प्रेम के कोडे

**महिलाओं ने कपड़ों से बनाए कोड़े, हुरियारों पर बरसाई प्रेम भरी चोटें; लाखों श्रद्धालु बने साक्षी**

**बलदेव स्थित दाऊजी महाराज मंदिर में पारंपरिक कोड़ामार होली के दौरान हुरियारों और हुरियारिनों के बीच खेला गया रंग और उत्साह का अनोखा उत्सव**



जिला नजर ब्यूरो चीफ

**मथुरा।** ब्रज की पावन भूमि मथुरा में गुरुवार को बलदेव स्थित दाऊजी महाराज मंदिर में परंपरागत कोड़ामार होली पूरे उत्साह और उमंग के साथ खेली गई। इस अनोखी होली को देखने के लिए देश-विदेश से बड़ी संख्या में श्रद्धालु और पर्यटक पहुंचे। मंदिर परिसर में हुरियारों और हुरियारिनों के बीच रंग-गुलाल की बौछार के साथ अनोखा नजारा देखने को मिला। पारंपरिक वेशभूषा में सजी महिलाओं ने हुरियारों के कपड़े फाड़कर उन्हीं से कोड़े बनाए और हंसी-खुशी उनके नंगे बदन पर प्रेमपूर्वक कोड़ों की बरसात की। वहीं हुरियारे भी सखियों पर बाल्टियों से रंग बरसाते हुए होली गीतों पर झूमते नजर आए। मंदिर परिसर में चारों ओर उड़ते अबीर-गुलाल के बीच पूरा वातावरण रंगों और उल्लास से सराबोर हो गया। इस अद्भुत परंपरा को देखने के लिए करीब एक लाख से अधिक श्रद्धालु और विदेशी पर्यटक मंदिर पहुंचे।


## छोटी खबरें

### मथुरा में युवती ने किराए के कमरे में लगाई फांसी

**फाइनेंस कंपनी में करती थी नौकरी, 12 दिन पहले ही रहने आई थी जमुना विहार कॉलोनी**

जिला नजर संवाददाता

**मथुरा।** शहर कोतवाली क्षेत्र की जमुना विहार कॉलोनी में गुरुवार को एक युवती ने किराए के कमरे में फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। सूचना मिलते ही पुलिस और फॉरेंसिक टीम मौके पर पहुंच गई और जांच शुरू कर दी। मृतका की पहचान रूबी (24) पुत्री शिवकुमार, निवासी मालीपुरा थाना खैर के रूप में हुई है। बताया जा रहा है कि रूबी मथुरा की एक फाइनेंस कंपनी में कार्यरत थी और करीब 12 दिन पहले ही जमुना विहार कॉलोनी में किराए के कमरे में रहने आई थी। मकान मालिक के अनुसार कमरे का दरवाजा अंदर से बंद था। काफी देर तक कोई हलचल न होने पर दरवाजा खुलवाया गया तो युवती का शव फंदे से लटका मिला। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। कोतवाली प्रभारी विनोद बाबू मिश्रा ने बताया कि प्रथम दृष्टया मामला आत्महत्या का प्रतीत हो रहा है। कमरे से कोई सुसाइड नोट नहीं मिला है और पुलिस मामले की सभी पहलुओं से जांच कर रही है।



### सरकारी भूमि पर अवैध कब्जे की उप जिलाधिकारी से शिकायत

जिला नजर संवाददाता

**फतेहपुर सीकरी।** सोमवार गांव तेहरा रावत मै ग्रामीण द्वारा सरकारी भूमि पर अवैध कब्जे की शिकायत उप जिला अधिकारी को देखकर कार्यवाही की मांग की गई। जानकारी के अनुसार गांव मंडी मिर्जा खान निवासी ओमप्रकाश पुत्र शिवदयाल ने उप जिला अधिकारी किरावली को शिकायती पत्र सौंपते हुए बताया कि रूपवास रोड पर गांव तेहरा रावत पर कुछ भूमाफियाओं द्वारा किसान की भूमि का एग्रीमेंट कराकर करीब 10 बीघा जमीन पर बाउंड्रीवॉल कराकर उसको करोड़ों के हिसाब से बेचा जा रहा है। ओमप्रकाश ने आरोप लगाया कि उक्त भू माफियाओं द्वारा वर्षों पुरानी बनी पुलिया को भी तोड़ दिया गया है, जिससे मानसून के समय खेतों में होने वाले जलभराव के दौरान पानी की निकासी में समस्या होगी। इसके अलावा, उन्होंने कुछ हरे पेड़ों को काटने का भी आरोप लगाया है। ओमप्रकाश ने उप जिलाअधिकारी से मामले की जांच कराकर दोषियों के खिलाफ कार्रवाई करने और किसान की जमीन को सुरक्षित करने की मांग की है। उप जिला अधिकारी ने मामले को गंभीरता से लेते हुए जांच के आदेश दिए हैं।

## फतेहाबाद में भाजपा का होली मिलन समारोह धूमधाम से संपन्न

**नेताओं व कार्यकर्ताओं ने एक-दूसरे को गुलाल लगाकर दी शुभकामनाएं, संगठन की मजबूती का लिया संकल्प**

जिला नजर संवाददाता

**फतेहाबाद/आगरा।** कस्बा फतेहाबाद स्थित अतिथि गेस्ट हाउस में गुरुवार को भाजपा द्वारा होली मिलन समारोह का आयोजन धूमधाम से किया गया। कार्यक्रम का नेतृत्व निवर्तमान मंडल अध्यक्ष नितिन गुप्ता पंछी और मंडल महामंत्री अजय जादौन ने किया।

समारोह में बड़ी संख्या में पार्टी पदाधिकारी और कार्यकर्ता उपस्थित रहे तथा एक-दूसरे को गुलाल लगाकर होली की शुभकामनाएं दीं। इस अवसर पर वक्ताओं ने कहा कि होली का पर्व प्रेम, भाईचारे और आपसी सद्भाव का प्रतीक है। उन्होंने कार्यकताओं से आपसी मतभेद भुलाकर संगठन को और मजबूत बनाने तथा समाज में एकता और सौहार्द का संदेश फैलाने का आह्वान किया। नितिन गुप्ता पंछी ने कहा कि होली का त्योहार समाज में प्रेम और एकता को बढ़ाने का संदेश देता है, जबकि अजय जादौन ने ऐसे आयोजनों को कार्यकताओं के बीच समन्वय और सहयोग बढ़ाने वाला बताया। कार्यक्रम में पूर्व जिलाध्यक्ष गिर्राज कुशवाहा, विधायक छोटेलाल वर्मा, मंडल महामंत्री हरिसिंह कर्दम, जिला मंत्री बबीता चौहान, भूमि विकास बैंक चेयरमैन राजेश कुशवाह, देहात मंडल अध्यक्ष योगेश चौहान, मंडल मंत्री योगेश शर्मा, सबोध शर्मा, राजपाल सिंह, अंकित शर्मा, कृष्ण मुरारी, अवधेश शर्मा, रामसेवक जादौन और सूरज पचौरी सहित अनेक कार्यकर्ता मौजूद रहे। अंत में सभी ने एक-दूसरे को होली की शुभकामनाएं देते हुए प्रेम और सौहार्द के साथ पर्व मनाने का संकल्प लिया।




## फॉलोअर्स बढ़ाने के लिए युवती ने बनाया आत्महत्या का फर्जी वीडियो, पुलिस ने की काउंसलिंग

**मेटा से मिले अलर्ट पर आगरा पुलिस की त्वरित कार्रवाई, फतेहपुर सीकरी थाना क्षेत्र का मामला**

जिला नजर संवाददाता

**फतेपुर सीकरी /आगरा।** सोशल मीडिया पर फॉलोअर्स बढ़ाने की चाह में एक युवती द्वारा आत्महत्या से जुड़ा फर्जी वीडियो पोस्ट करने का मामला सामने आया है। मेटा (टीइ) प्लेटफॉर्म से प्राप्त अलर्ट के आधार पर आगरा पुलिस कमिश्नरेट की सोशल मीडिया सेल ने तुरंत कार्रवाई करते हुए युवती तक पहुंचकर उसकी कुशलता सुनिश्चित की और काउंसलिंग की। जानकारी के अनुसार 5 मार्च को सोशल मीडिया सेल को सूचना मिली कि थाना फतेहपुर सीकरी क्षेत्र की एक युवती ने अपने सोशल मीडिया अकाउंट पर ऑल आउट (कीटनाशक) पीने का वीडियो पोस्ट किया है, जिस पर ह्यअु डश्ल्लं 'ड्र्' लिखा हुआ था। मामले की संवेदनशीलता को देखते हुए सोशल मीडिया सेल ने तत्काल स्थानीय पुलिस को सूचित किया।

सूचना मिलते ही थाना फतेहपुर सीकरी पुलिस टीम युवती के निवास पर पहुंची। पूछताछ में सामने आया कि युवती ने केवल सोशल मीडिया पर फॉलोअर्स बढ़ाने और चर्चा में आने के उद्देश्य से आत्महत्या का फर्जी वीडियो बनाया था। पुलिस ने युवती की काउंसलिंग कर भविष्य में इस प्रकार की हरकत दोबारा न करने की चेतावनी दी। फिलहाल युवती पूरी तरह सुरक्षित और स्वस्थ है। युवती के परिजनों ने पुलिस की तत्परता और संवेदनशीलता की सराहना करते हुए आभार व्यक्त किया। आगरा पुलिस ने नागरिकों, विशेषकर युवाओं से अपील की है कि सोशल मीडिया पर लोकप्रियता पाने के लिए अपने जीवन को जोखिम में डालने या भ्रामक जानकारी फैलाने जैसी गतिविधियां न करें, क्योंकि इस प्रकार के कृत्य कानूनन दंडनीय हैं।

## होली की आड़ में हुड़दंग: महिलाओं को रंग लगाने पर बवाल

जिला नजर संवाददाता

**आगरा।** होली के त्योहार के दौरान जनपद में हुड़दंग और जबरदस्ती रंग लगाने की घटनाओं ने माहौल बिगाड़ दिया। थाना अछनेरा क्षेत्र के गांव सांधन और थाना पिनाहट क्षेत्र के गांव सेरब में हुई दो अलग-अलग घटनाओं में महिलाओं से बदसलूकी, छुआछूत के आरोप और मारपीट की वारदात सामने आई हैं।

दोनों मामलों में कुल 11 लोग घायल हुए हैं। पुलिस ने घायलों का चिकित्सकीय परीक्षण कराकर जांच शुरू कर दी है और आरोपियों के खिलाफ कार्रवाई का आश्वासन दिया है। पहली घटना थाना अछनेरा क्षेत्र के गांव सांधन की है, जहां होली के दिन कुछ युवक नशे की हालत में गांव की महिलाओं को जबरदस्ती गुलाल लगाने की कोशिश करने लगे। परिवार के लोगों ने इसका विरोध किया, जिस पर युवकों से कहासुनी हो गई। आरोप है कि करीब आठ युवकों ने विरोध से नाराज होकर लाठी-डंडों से हमला कर दिया। इस हमले में इंद्र कुमार समेत तीन लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। स्थानीय लोगों ने पुलिस को सूचना दी, जिसके बाद पुलिस मौके पर पहुंची और घायलों को अस्पताल भिजवाया।



पीड़ित परिवार का कहना है कि युवक महिलाओं के साथ जबरन रंग लगाने का प्रयास कर रहे थे, जो कि आपत्तिजनक था। विरोध करने पर उन्होंने मारपीट शुरू कर दी। पुलिस मामले की जांच कर रही है और आरोपियों की पहचान के प्रयास किए जा रहे हैं। अधिकारियों ने कहा है कि दोषियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी।

## छोटी खबरें

### होली पर डीजे को लेकर पुलिस और युवकों में खींचतान, दो हिरासत में



जिला नजर संवाददाता

**अलीगढ़।** होली के मौके पर डीजे बजाने को लेकर थाना देहली गेट क्षेत्र में पुलिस और युवकों के बीच काफी देर तक खींचतान का मामला सामने आया है। बताया जा रहा है कि पुलिस होली पर बज रहे डीजे को बंद कराने पहुंची थी, इसी दौरान युवकों और पुलिस के बीच जद्दोजहद शुरू हो गई। घटना का वीडियो सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो रहा है, जिसमें पुलिस और युवकों के बीच

# होली पर स्क्रैप कारोबारी के घर लूट का 24 घंटे में खुलासा, पांच आरोपी गिरफ्तार

जिला नजर संवाददाता

**अलीगढ़।** थाना दिल्ली गेट क्षेत्र में होली के दिन एक स्क्रैप कारोबारी के घर हुई लूट की वारदात का पुलिस ने महज 24 घंटे के भीतर खुलासा कर दिया। पुलिस ने इस मामले में पांच आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया है, जबकि एक आरोपी अभी भी फरार बताया जा रहा है।

वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक नीरज कुमार जादौन ने बताया कि घटना के बाद पुलिस की विशेष टीम गठित की गई थी। टीम ने तेजी से कार्रवाई करते हुए तकनीकी साक्ष्यों और मुखबिर की सूचना के आधार पर पांच आरोपियों को दबोच लिया। गिरफ्तार आरोपियों के कब्जे से लूटे गए सोने के कंगन, नकदी और एक अवैध



तमंचा भी बरामद किया गया है। एसएसपी ने बताया कि पकड़े गए आरोपियों का अब तक कोई आपराधिक इतिहास सामने नहीं आया है। पुलिस आरोपियों से पूछताछ कर पूरे घटनाक्रम की जानकारी जुटा रही है। घटना के त्वरित खुलासे पर एसएसपी ने पुलिस टीम की सराहना करते हुए 25 हजार रुपये के पुरस्कार की



घोषणा की है। वहीं फरार आरोपी की गिरफ्तारी के लिए लगातार संभावित ठिकानों पर दबिश दी जा रही है और पुलिस को उम्मीद है कि उसे भी जल्द गिरफ्तार कर लिया जाएगा।

## जरूरतमंद बच्चों के लिए शुरू हुई मुथूट स्मार्ट कंप्यूटर क्लासरूम डिजिटल पाठशाला

जिला नजर संवाददाता

**फिरोजाबाद।** जरूरतमंद और वंचित वर्ग के बच्चों को कंप्यूटर शिक्षा से जोड़ने की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल करते हुए कोमल फाउंडेशन द्वारा मुथूट फाइनेंस के सीएसआर सहयोग से जलेसर रोड स्थित शनिदेव मंदिर के पास कोमल डिजिटल पाठशाला मुथूट स्मार्ट कंप्यूटर क्लासरूम का शुभारंभ किया गया। कार्यक्रम का उद्घाटन नगर निगम फिरोजाबाद की महापौर कामिनी राठौर, मुथूट फाइनेंस के शाखा प्रबंधक अनिल कुमार शर्मा तथा कोमल फाउंडेशन के अध्यक्ष अश्वनी कुमार राजौरिया ने संयुक्त रूप से फीता काटकर किया। उद्घाटन के दौरान उपस्थित अतिथियों ने इस पहल को शिक्षा के क्षेत्र में सराहनीय कदम बताते हुए बच्चों को आधुनिक तकनीक से जोड़ने की आवश्यकता पर जोर दिया। इस डिजिटल पाठशाला की शुरुआत जरूरतमंद और वंचित वर्ग के बच्चों को आधुनिक शिक्षा से जोड़ने के उद्देश्य से की गई है, ताकि वे कंप्यूटर ज्ञान प्राप्त कर अपने भविष्य को बेहतर बना सकें। स्मार्ट कंप्यूटर क्लासरूम में बच्चों को बुनियादी कंप्यूटर शिक्षा, डिजिटल साक्षरता और तकनीकी कौशल का प्रशिक्षण दिया जाएगा, जिससे वे डिजिटल युग के अनुरूप खुद को तैयार कर सकें। कार्यक्रम का आयोजन मुथूट ग्रुप ऑफ कंपनीज के ग्रुप चेयरमैन स्वर्गीय एम.जी. जॉर्ज मुथूट की पांचवीं पुण्यतिथि के अवसर पर किया गया। इस मौके पर अतिथियों ने उनके सामाजिक योगदान को याद करते हुए कहा कि इस प्रकार की पहल समाज के वंचित वर्ग के बच्चों को आगे बढ़ाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाती है। महापौर कामिनी राठौर ने कहा कि आज के समय में कंप्यूटर शिक्षा अत्यंत आवश्यक हो गई है। कोमल फाउंडेशन और मुथूट फाइनेंस द्वारा शुरू की गई यह डिजिटल पाठशाला बच्चों को तकनीकी रूप से सक्षम बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगी। मुथूट फाइनेंस के शाखा प्रबंधक अनिल कुमार शर्मा ने कहा कि मुथूट फाइनेंस अपने सीएसआर के माध्यम से समाज के विकास के लिए निरंतर कार्य कर रहा है। जरूरतमंद बच्चों को डिजिटल शिक्षा से जोड़ने के लिए कोमल फाउंडेशन के साथ की गई यह पहल सराहनीय है और भविष्य में भी ऐसे सामाजिक कार्यों में सहयोग जारी रहेगा।



# राज्य स्तरीय दिशा समिति में मनोनीत होने पर श्रीकृष्ण गौतम का सम्मान

जिला नजर संवाददाता

**टूंडला।** राज्य विकास, समन्वय एवं निगरानी समिति (राज्य स्तरीय दिशा) का सदस्य मनोनीत किए जाने पर श्रीकृष्ण गौतम को लखनऊ में आयोजित एक कार्यक्रम में सम्मानित किया गया। यह सम्मान कंज्यूमर कॉन्फेडरेशन ऑफ इंडिया (सीसीआई) द्वारा ब्यूरो ऑफ इंडियन स्टैंडर्ड्स (बीआईएस) और उपभोक्ता कल्याण परिषद उत्तर प्रदेश के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित उपभोक्ता जागरूकता यात्रा कार्यक्रम के दौरान प्रदान किया गया।



कार्यक्रम का आयोजन नियंत्रक विधिक माप विज्ञान विभाग के सभागार में किया गया, जहां उपभोक्ता अधिकारों और जागरूकता को लेकर विभिन्न विषयों पर चर्चा की गई। इस अवसर पर मुख्य अतिथि कंज्यूमर मैन ऑफ इंडिया और सीसीआई के संस्थापक डॉ. अनंत शर्मा ने श्रीकृष्ण गौतम को पगड़ी पहनाकर, शाल ओढ़ाकर और स्मृति चिन्ह भेंट कर सम्मानित किया। कार्यक्रम में वक्ताओं ने कहा कि उपभोक्ता अधिकारों की रक्षा और जागरूकता बढ़ाने में समाज के सक्रिय लोगों की महत्वपूर्ण भूमिका होती है। श्रीकृष्ण गौतम को राज्य स्तरीय दिशा समिति में सदस्य बनाए जाने से उपभोक्ता हितों को मजबूत करने में मदद मिलेगी। इस दौरान उपभोक्ता कल्याण परिषद समिति के राष्ट्रीय अध्यक्ष भूपसिंह पाल, सीसीआई के राष्ट्रीय महासचिव कैलाश कुमावत, कुसुम शर्मा, ताहिर हुसैन, हरेंद्र कुमार सिंह, संजीव कुमार, रूप किशोर और प्रवीण शर्मा सहित कई लोग उपस्थित रहे। कार्यक्रम के अंत में सभी ने उपभोक्ताओं को उनके अधिकारों के प्रति जागरूक करने का संकल्प लिया।

## चुल्हावली में 100 वर्ष पुरानी पहनामार (लठमार) होली हर्षोल्लास के साथ संपन्न

**टूंडला।** ग्राम पंचायत चुल्हावली में करीब एक सदी से चली आ रही पारंपरिक पहनामार (लठमार) होली इस वर्ष भी पूरे उत्साह और उल्लास के साथ मनाई गई। इस अनूठी परंपरा को देखने के लिए गांव के साथ-साथ आसपास के क्षेत्रों से भी बड़ी संख्या में लोग पहुंचे। पूरे कार्यक्रम के दौरान ब्रजभूमि के होली गीतों की धुन पर ग्रामीण झूमते नजर आए और माहौल पूरी तरह होली के रंग में रंगा दिखाई दिया। पारंपरिक पहनामार होली में गांव की महिलाएं पैनों से युवकों को प्रतीकात्मक रूप से मारती हैं, जबकि युवक हंसी-मजाक और नृत्य के साथ इस परंपरा को निभाते हैं। वर्षों से चली आ रही इस रस्म को ग्रामीण पूरी आस्था और उत्साह के साथ निभाते आ रहे हैं। इस दौरान डीजे पर बज रहे ब्रज के होली गीतों पर युवक-युवतियां और ग्रामीण जमकर नाचे। इस बार पहनामार कमेटी की ओर से कार्यक्रम में भाग लेने वाले प्रतिभागियों को मिल्टन के कैंपर और पेंट-शर्ट का कपड़ा भेंट कर सम्मानित किया गया। पहनामार में संगीता, सपना, सीमा, प्रीति, शिवानी, निर्मला, उर्मिला, इंदिरा, सुमन, मीना, प्रेमवती और सरस्वती सहित कई महिलाओं ने भाग लिया। वहीं प्रतीकात्मक रूप से मार खाने वालों में पप्पू बोधी, हरीश, गौरव, शालू, आकाश, जीतू, पंकज और शिवा शामिल रहे। कार्यक्रम का संचालन सीताराम एडवोकेट ने किया। इस अवसर पर रनवीर बाबा, कैलाश चंद्र पालीवाल, भगवान सिंह भल्ला, धर्मवीर सिंह, लोकेंद्र पौनिया, सत्येंद्र मास्टर, बहादुर सिंह, नेत्रपाल फौजी, गणपति सोलंकी, श्यामवीर सिंह, हरिसिंह काका, सतीश सिंह, बिरजू बाबा, विद्याराम, सरदमन सिंह, भूपेंद्र सिंह और नंदन सिंह सहित बड़ी संख्या में ग्रामीण महिला-पुरुष मौजूद रहे।

# मस्जिद से नमाज पढ़कर लौट रहे युवकों के साथ मारपीट, चार घायल

जिला नजर संवाददाता

**अलीगढ़।** थाना रोरावर क्षेत्र के शाहजमल स्थित तेलीपाड़ा मोहल्ले में मस्जिद से नमाज पढ़कर लौट रहे युवकों के साथ दबंगों द्वारा मारपीट किए जाने का मामला सामने आया है। बताया जा रहा है कि युवकों के बीच हुए विवाद में बीच-बचाव करने पर दबंगों ने उनके साथ जमकर मारपीट कर दी।

मारपीट की इस घटना में चार युवक गंभीर रूप से घायल हो गए।



घायलों को इलाज के लिए मलखान सिंह जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया है। इनमें से दो युवकों की हालत गंभीर होने पर उन्हें मेडिकल कॉलेज के लिए रेफर कर दिया गया है। घटना की सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंच गई और मामले की जांच-पड़ताल में जुट गई है। यह पूरी घटना अलीगढ़ के थाना रोरावर क्षेत्र के शाहजमल स्थित तेलीपाड़ा मोहल्ले की बताई जा रही है।

## छोटी खबरें

### जस्टिस सूर्यकांत ने भूटानी न्यायपालिका में तकनीकी सुधार का दिया सुझाव

नई दिल्ली

भारत के मुख्य न्यायाधीश सूर्यकांत ने गुरुवार को भूटान की न्यायिक प्रणाली में प्रौद्योगिकी-आधारित सुधारों का समर्थन किया। उन्होंने कहा कि न्याय तक पहुंच तकनीकी प्रगति के अधिक उपयोग पर से निर्भर करती है। उन्होंने थिम्पू में भूटान के रॉयल विश्वविद्यालय में '21वीं सदी में न्याय तक पहुंचः प्रौद्योगिकी, कानूनी सहायता और जनकेंद्रित न्यायालय' विषय पर भाषण दिया। इस दौरान उन्होंने प्रधानमंत्री शेरिंग तोबगे से कहा कि भारत का सर्वोच्च न्यायालय, उच्च न्यायालयों के साथ मिलकर, भूटानी छात्रों को इंटर्नशिप करने का मौके देंगे, तो अधिक खुशी होगी।

उन्होंने कहा कि हमें याद रखना चाहिए कि प्रौद्योगिकी इस युग में केवल एक आधुनिक माध्यम है। हमारा कर्तव्य यह सुनिश्चित करना है कि जहां 21वीं सदी के कुछ चीजें जटिल हो गई हैं। वहीं, कुछ चीजें आम लोगों की भाषा की तरह ही सरल और सुलभ बने रहें। मुख्य न्यायाधीश ने कहा, हमें यह बात पूरी दृढ़ता से समझनी चाहिए कि न्याय कोई एकांत सद्गुण नहीं है, जो अदालत के भारी लकड़ी के दरवाजों के पीछे बंद हो, बल्कि, यह एक जीवंत उपस्थिति है जिसे दुनिया में, ऊंची घाटियों और हलचल भरे बाजारों में, और लोगों के घरों तक पहुंचने की अनुमति दी जानी चाहिए।" उन्होंने कहा, "अदालत की कार्यप्रणाली का प्रत्यक्ष अनुभव प्राप्त करना गुणवत्तापूर्ण कानूनी शिक्षा का एक अनिवार्य हिस्सा है।" मुख्य न्यायाधीश कांत ने जोर देते हुए कहा, "यदि हम अपनी विरासत के प्रति सच्चे रहना चाहते हैं, तो हमारे तकनीकी सुधारों को न केवल यथास्थिति का डिजिटलीकरण करना चाहिए, बल्कि न्यायिक प्रक्रिया के मूल सार का लोकतंत्रीकरण भी करना चाहिए।" उन्होंने कहा कि भारतीय न्यायिक प्रणाली में मूल रूप से हस्तलिखित दलीलों, मौखिक गवाहों के बयानों, मौखिक प्रस्तुतियों, शायद ही कभी दस्तावेजी साक्ष्यों और केवल एक लिखित निर्णय वाली पारंपरिक फाइलें शामिल थीं। "ये फाइलें भारी-भरकम थीं, जिसके कारण रिकॉर्ड रखने के लिए जगह की कमी हो जाती थी, अक्सर अपर्याप्त अदालत कक्षों में जहां न्यायिक अधिकारी, पीठासीन न्यायाधीश, अक्सर फाइलों के पीछे छिपे हुए पाए जाते थे।" मुख्य न्यायाधीश ने कहा, "न्यायिक बुनियादी ढांचे में सुधार के साथ बदलाव शुरू हुए, जैसे कि अधिक अदालतों की स्थापना, अतिरिक्त कर्मचारी और रिकॉर्ड कक्षों की स्थापना।" उन्होंने आगे कहा कि महत्वपूर्ण बदलाव केवल 21वीं सदी में आया, जब विश्व स्तर पर कानूनी क्षेत्र में एक महत्वपूर्ण परिवर्तन हुआ।

# अमेरिका-ईरान युद्ध : होर्मुज बंद, पश्चिम एशिया में तेल की सप्लाई बाधित

नई दिल्ली

अमेरिका और इस्राइल की ओर से ईरान पर किए जा रहे हमलों के छठे दिन युद्ध का दायरा अब मिडिल ईस्ट की सीमाओं को पार कर हिंद महासागर तक फैल चुका है। एक तरफ जहां ईरान के 33 नागरिक और सैन्य ठिकानों पर बड़े हमले हुए हैं, वहीं दूसरी तरफ होर्मुज जलडमरूमध्य के बंद होने से वैश्विक व्यापार और ऊर्जा सप्लाई पर बड़ा संकट खड़ा हो गया है। आइए, एक विस्तृत सवाल-जवाब के जरिए समझते हैं कि युद्ध के मौजूदा हालात, भू-राजनीतिक समीकरण और वैश्विक अर्थव्यवस्था पर इसके क्या असर हो रहे हैं।

ईरानी स्टेट मीडिया के मुताबिक, हमलों के पांच दिनों में अब तक 1,045 लोगों की मौत हो चुकी है और 6,000 से ज्यादा लोग घायल हुए हैं। ईरानी विदेश मंत्रालय ने दावा किया है कि अमेरिका और इस्राइल ने 33 नागरिक ठिकानों को निशाना बनाया है, जिनमें अस्पताल, स्कूल, तेहरान का प्रमुख आर्थिक केंद्र 'ग्रैंड बाजार' और ऐतिहासिक गोलस्तान पैलेस शामिल हैं। इस बीच, कुर्दिश-ईरानी सशस्त्र समूहों ने उत्तर-पश्चिमी ईरान में



सरकार के खिलाफ जमीनी हमला भी शुरू कर दिया है। ईरान के दिवंगत सर्वोच्च नेता अयातुल्ला अली खामेनेई के बेटे मोजतबा खामेनेई देश के अगले सर्वोच्च नेता के रूप में सबसे मजबूत दावेदार बनकर उभरे हैं, जिनके इस्लामिक रिवोल्यूशनरी गार्ड कॉर्प्स (आईआरजीसी) के साथ गहरे संबंध हैं। सैन्य मोर्चे पर, श्रीलंका के तट के पास हिंद महासागर में एक अमेरिकी पनडुब्बी ने ईरान के युद्धपोत 'आइरिस डेना' को टारपीडो से डुबा दिया है, जिसमें 87 शव बरामद हुए हैं। वैश्विक व्यापार के लिए हालात बेहद गंभीर हैं क्योंकि आईआरजीसी ने रणनीतिक रूप से अहम होर्मुज जलडमरूमध्य को बंद करने की घोषणा कर दी है, इससे समुद्री व्यापार लगभग ठप हो गया है। वहीं, कूटनीतिक मोर्चे पर स्पेन ने अमेरिका को अपने सैन्य ठिकानों के इस्तेमाल की इजाजत नहीं दी है। इसके जवाब में अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने स्पेन के साथ सभी तरह का व्यापार बंद करने की कड़ी धमकी दी है। गोल्डमैन सैक्स की एक रिपोर्ट के मुताबिक, रणनीतिक होर्मुज जलडमरूमध्य के आसपास बढ़ते खतरे से तेल और गैस की वैश्विक सप्लाई प्रभावित हो सकती है, जिससे भारत सहित एशिया के बड़े आयातक देशों की चिंता बढ़ गई है।

रिपोर्ट के अनुसार, दुनिया के कुल तेल व्यापार का लगभग एक-पांचवां हिस्सा और तरलीकृत प्राकृतिक गैस (एलएनजी) की बड़ी मात्रा सामान्यतः इसी जलडमरूमध्य से होकर गुजरती है। इसलिए यह मार्ग ऊर्जा आयात पर निर्भर देशों के लिए बेहद महत्वपूर्ण माना जाता है। गोल्डमैन सैक्स ने चेतावनी दी है कि इस क्षेत्र में पहले ही टैंकर यातायात में व्यवधान के संकेत मिलने लगे हैं। क्षेत्र में जहाजों को नुकसान पहुंचने की खबरों के बाद शिपिंग कंपनियां, तेल उत्पादक और बीमा कंपनियां अधिक सतर्क रुख अपना रही हैं। रिपोर्ट के मुताबिक, आम तौर पर करीब 2 करोड़ बैरल प्रतिदिन तेल आपूर्ति और वैश्विक एलएनजी व्यापार का लगभग 19 प्रतिशत हिस्सा इसी जलमार्ग से गुजरता है। यही कारण है कि इसे वैश्विक ऊर्जा आपूर्ति श्रृंखला के सबसे अहम चोकपॉइंट्स में से एक माना जाता है। रिसर्च नोट में कहा गया है कि बाजार पहले ही इस भू-राजनीतिक जोखिम को कीमतों में शामिल करना शुरू कर चुका है। वर्तमान में तेल बाजार में करीब 18 डॉलर प्रति बैरल का जोखिम प्रीमियम शामिल हो चुका है। यह उस संभावित मूल्य प्रभाव के बराबर है जो तब देखने को मिल सकता है, अगर होर्मुज जलडमरूमध्य से तेल का प्रवाह लगभग एक महीने के लिए पूरी तरह रुक जाए, भले ही कुछ पाइपलाइन मार्गों के जरिए वैकल्पिक आपूर्ति उपलब्ध हो। ईरान के जवाबी हमलों के कारण पूरे पश्चिम एशिया में तेल की आपूर्ति बुरी तरह बाधित हो रही है। कुवैत के मुबारक अल-कबीर के पास खड़े एक तेल टैंकर के करीब विस्फोट हुआ है।

# खामेनेई की मौत पर भारत ने जताई संवेदना

नई दिल्ली

भारत सरकार की ओर से विदेश सचिव विक्रम मिस्री ने नई दिल्ली स्थित ईरान के दूतावास पहुंचकर ईरान के मारे गए सुप्रीम लीडर अयातुल्ला अली खामेनेई के प्रति शोक व्यक्त किया।

इस दौरान उन्होंने दूतावास में रखी शोक पुस्तिका पर हस्ताक्षर कर अपनी संवेदनाएं दर्ज कीं। विक्रम मिस्री ने खामेनेई के निधन पर गहरा दुख व्यक्त करते हुए ईरान की सरकार और वहां के लोगों के प्रति संवेदना प्रकट की। भारत ने इस कठिन समय में ईरान के साथ एकजुटता और सहानुभूति व्यक्त की है। इसके साथ विदेश सचिव विक्रम मिस्री ने ईरान के राजनयिक प्रतिनिधियों से मुलाकात कर भारत की ओर से शोक संदेश दर्ज कराया। उन्होंने खामेनेई के निधन पर गहरी संवेदना व्यक्त करते हुए ईरान की सरकार और वहां के लोगों के प्रति सहानुभूति जताई। भारत लंबे समय से ईरान के साथ कूटनीतिक और आर्थिक संबंध बनाए हुए है। ऐसे में इस घटना के बाद भारत की प्रतिक्रिया को क्षेत्रीय कूटनीति के लिहाज से महत्वपूर्ण माना जा रहा है। इस पूरे घटनाक्रम के बीच प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने भी क्षेत्र में शांति की अपील की है। उन्होंने कहा कि किसी भी समस्या का समाधान केवल सैन्य टकराव से नहीं हो सकता। प्रधानमंत्री ने कहा कि भारत संवाद और कूटनीति के रास्ते को ही स्थायी समाधान मानता है। उनका कहना है कि पश्चिम एशिया में बढ़ता तनाव पूरे विश्व के लिए चिंता का विषय है और जल्द से जल्द संघर्ष समाप्त होना चाहिए। भारत ने इस संकट के बीच संतुलित और सावधानी भरा रुख अपनाया है। भारत एक तरफ ईरान के साथ अपने पारंपरिक संबंध बनाए रखना चाहता है, वहीं दूसरी ओर वैश्विक शांति और स्थिरता की भी बात कर रहा है। विशेषज्ञों का मानना है कि भारत की यह नीति क्षेत्रीय संतुलन बनाए रखने और अपने रणनीतिक हितों की रक्षा करने की दिशा में अहम है।

# उपग्रह चित्रों से बनेगा मकान सूचीकरण ब्लॉक



नई दिल्ली

केंद्रीय गृह और सहकारिता मंत्री अमित शाह ने गुरुवार को नई दिल्ली में जनगणना-2027 के लिए चार डिजिटल टूल्स का सॉफ्ट लॉन्च और शुभंकर- 'प्रगति' (महिला) और 'विकास' (पुरुष) का औपचारिक अनावरण किया है। देशभर में गणना कार्यों को सुगम बनाने के लिए सेंटर फॉर डेवलपमेंट ऑफ एडवांस्ड कंप्यूटिंग (सी-डैक) ने एडवांस डिजिटल प्लेटफॉर्म विकसित किए हैं। इन टूल्स में डिजिटल जनगणना के दौरान, उपग्रह चित्रों की सहायता से मकान सूचीकरण ब्लॉक बनेगा। देशभर में 30 लाख से अधिक प्रगणक, पर्यवेक्षक और अन्य अधिकारी जनगणना-2027 में शामिल होंगे। दो चरणों में होने वाली जनगणना-2027 दुनिया का सबसे बड़ा जनगणना कार्य है। पहली बार जनगणना डिजिटल माध्यम से की जाएगी। पहली बार स्व-गणना का विकल्प भी दिया जा रहा है। जनगणना-2027 के शुभंकर 'प्रगति' (महिला प्रगणक) और 'विकास' (पुरुष प्रगणक) को मैत्रीपूर्ण एवं सहज प्रतीक के रूप में प्रस्तुत किया गया है। साथ ही 'प्रगति' और 'विकास' 2047 में भारत को एक विकसित राष्ट्र बनाने के संकल्प को पूरा करने में महिलाओं और पुरुषों की बराबर की भागीदारी के भी प्रतीक हैं। इन शुभंकरों के माध्यम से जनगणना 2027 से संबंधित जानकारी, उद्देश्य एवं प्रमुख संदेश समाज के विभिन्न वर्गों तक प्रभावी और जन-सुलभ रूप में पहुंचाए जाएंगे। जनगणना-2027 भारत की पहली तकनीकी उपकरणों द्वारा संचालित जनगणना होगी। केन्द्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री अमित शाह द्वारा चार प्लेटफॉर्म, सॉफ्ट लॉन्च किए गए हैं।

# मुरैना में रंगों का त्यौहार शांति-सौहार्द से मना, कोई अप्रिय घटना नहीं

## शहरवासियों ने आपसी भाईचारे के साथ मनाई होली, प्रशासन की सतर्कता बनी सफलता की कुंजी

जिला नजर ब्यूरो चीफ

**मुरैना/मप्र।** रंगों के पर्व होली पर मुरैना शहर ने एक बार फिर सांस्कृतिक समृद्धि और सामाजिक एकता का अनुपम उदाहरण पेश किया। होली और धुलेंडी (3-4 मार्च) का उत्सव पूरे शहर में शांतिपूर्ण एवं सौहार्दपूर्ण माहौल में संपन्न हुआ। पुलिस प्रशासन की कड़े सुरक्षा इंतजामों, पूर्व नियोजन और नागरिकों के सक्रिय सहयोग के फलस्वरूप पूरे पर्व के दौरान कहीं भी कोई विवाद, हुड़दंग या अप्रिय घटना दर्ज नहीं की गई।

त्योहार से पहले जिला प्रशासन ने व्यापक तैयारियां की थीं। कलेक्टर लोकेश कुमार जांगिड़ ने 2 मार्च को जारी अपील में सभी वर्गों से पारंपरिक गरिमा, उत्साह और भाईचारे के साथ पर्व मनाने का आह्वान किया था। इसी क्रम में पुलिस अधीक्षक समीर सौरभ के निर्देशन में 3 मार्च को जिले भर में फ्लैग मार्च निकाला गया, जिसमें थाना प्रभारियों, राजपत्रित




अधिकारियों और शांति समितियों ने भाग लिया। इन बैठकों में हुड़दंगियों को कड़ी चेतावनी दी गई और अफवाह फैलाने वालों पर सख्त कार्रवाई का भरोसा दिलाया गया।

शहर के प्रमुख चौराहों, बाजारों और संवेदनशील इलाकों में चप्पे-चप्पे पर पुलिस बल तैनात रहा। ड्रोन निगरानी, सीसीटीवी कैमरों की सक्रियता और लगातार गश्त ने सुरक्षा कवच को अटूट बनाए रखा। परिणामस्वरूप, युवाओं ने रंग-गुलाल खेला, पार्कों में सांस्कृतिक कार्यक्रम हुए और घर-घर गुजिया-मिठाइयों की मिठास बंटी, लेकिन कहीं भी शराबखोरी या छेड़छाड़ जैसी घटनाओं का नामोनिशान नहीं रहा। नागरिकों ने भी प्रशासन के प्रयासों की सराहना की। स्थानीय व्यापारी संघ के अध्यक्ष रामेश्वर शर्मा ने बताया, "पुलिस की उपस्थिति से सभी को विश्वास हुआ कि हम सुरक्षित मनाएंगे। यह हमारी साझा जिम्मेदारी का परिणाम है।" इसी तरह, महिला समिति की सदस्य सुनीता जैन ने कहा, "महिलाओं और बच्चों के लिए विशेष सुरक्षा ने उत्सव को और आनंदमय बनाया।" होली के सफल आयोजन पर कलेक्टर जांगिड़ ने शहरवासियों को बधाई देते हुए कहा, "यह हमारी सामूहिक विजय है। आने वाले पर्वों को भी इसी उत्साह से मनाएं।" जिला पुलिस ने भी सोशल मीडिया के माध्यम से अपनी सफलता साझा की, जिसमें 4 मार्च को शुष्क दिवस घोषित करने का उल्लेख किया गया। यह वर्ष मुरैना के लिए होली एक मिसाल बन गई, जहां रंगों के साथ-साथ सद्भाव के रंग भी चटकीले नजर आए। भविष्य के त्योहारों के लिए यह सफल मॉडल साबित हो सकता है।

# लखनऊ में चाइनीज मांझे से फिर दो की गर्दन कटी, पशुपालन विभाग के बाबू व छात्र चपेट में




जिला नजर संवाददाता

**लखनऊ।** हुसैनगंज फ्लाईओवर पर बृहस्पतिवार शाम खतरनाक मांझे की चपेट में आकर पशुपालन विभाग का कर्मचारी और एक युवक जख्मी हो गया। दोनों को सिविल अस्पताल पहुंचाया गया। हुसैनगंज के माल एवेन्यू निवासी 54 वर्षीय राम खेलावन पशुपालन विभाग में हैं।

बृहस्पतिवार शाम पांच बजे वह कूलर बनवाने स्कूटी से बाजार जा रहे थे। लौटते समय हुसैनगंज फ्लाईओवर पर खतरनाक मांझे से उनका गला कट गया। बुरी तरह से लहूलुहान राम खेलावन को राहगीरों ने सिविल अस्पताल पहुंचाया, जहां उनका प्राथमिक उपचार किया गया।

इस घटना के कुछ देर बाद सुशांत गोल्फ सिटी निवासी प्रणव यादव स्कूटी से दोस्त के साथ पानदरीबा से घर लौट रहे थे। हुसैनगंज फ्लाईओवर से गुजरते वक्त स्कूटी चला रहे प्रणव का चेहरा खतरनाक मांझे में फंस गया। वह जब तक स्कूटी रोक पाते, उनकी नाक और कनपटी मांझे से जख्मी हो गई। दोस्त ने उन्हें सिविल अस्पताल पहुंचाया, जहां उनकी नाक पर दो टांके लगाए गए।

# लखनऊः जन्मदिन की पार्टी में 13 वर्षीय किशोर की गोली से मौत

## पूर्व बसपा एमएलसी के भतीजे पर हत्या का आरोप, पुलिस ने आरोपी को हिरासत में ले बाल सुधार गृह भेजा





**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश की राजधानी के कृष्णानगर इलाके में एक जन्मदिन की पार्टी के दौरान हुई दिल दहला देने वाली घटना ने पूरे शहर को स्तब्ध कर दिया है। 13 वर्षीय उनैज खान नामक किशोर को उसके दोस्त ने कथित तौर पर 'गलती से' गोली मार दी, जिससे उसकी मौके पर ही मौत हो गई। आरोपी किशोर पूर्व बहुजन समाज पार्टी (बसपा) के विधान परिषद सदस्य का भतीजा बताया जा रहा है। पुलिस ने आरोपी को हिरासत में ले लिया है और उसे बाल सुधार गृह भेज दिया गया है

घटना बुधवार शाम को कृष्णानगर के एक फ्लैट में हुई, जहां कुछ नाबालिग बच्चे जन्मदिन मना रहे थे। पुलिस पूछताछ के अनुसार, आरोपी किशोर अपने पिता की लाइसेंसी रिवॉल्वर को गाड़ी से निकालकर चेक कर रहा था। इसी दौरान ट्रिगर दब गया और गोली सीधे उनैज के माथे पर लग गई। घायल किशोर को तत्काल नजदीकी अस्पताल ले जाया गया, लेकिन डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। आरोपी ने अपना अपराध कबूल करते हुए इसे एक हादसा बताया है। सीसीटीवी फुटेज में साफ दिख रहा है कि घटना से ठीक पहले आरोपी अकेले ही गाड़ी से रिवॉल्वर लेते हुए नजर आ रहा है। एसीपी कृष्णानगर रजनीश वर्मा ने बताया, "हम लोडेड हथियार नाबालिग के हाथ कैसे पहुंचा, इसकी गहन जांच कर रहे हैं। प्रारंभिक जांच में यह दुर्घटना ही लग रही है।" हालांकि, मृतक के परिजनों ने इसे हत्या करार देते हुए साजिश का आरोप लगाया है। उन्होंने कहा कि उनैज उस दिन व्रत रखे हुए था और पार्टी में खुशी-खुशी शामिल हुआ था। यह घटना हथियारों के सुरक्षित भंडारण और बच्चों की पहुंच पर गंभीर सवाल खड़े करती है। विशेषज्ञों का मानना है कि लाइसेंसी हथियारों के दुरुपयोग को रोकने के लिए सख्त कानून और जागरूकता अभियान जरूरी हैं। पुलिस ने आरोपी के पिता से भी पूछताछ शुरू कर दी है। इस दर्दनाक हादसे ने एक बार फिर समाज को सोचने पर मजबूर कर दिया है कि बचपन की मासूमियत कैसे ऐसी त्रासदी का शिकार हो जाती है।

# गुरसरांय में धूमधाम से मनाया गया होली महोत्सव रंग-गुलाल में सराबोर हुए जनप्रतिनिधि और नागरिक

जिला नजर संवाददाता

**गुरसरांय/झांसी।** नगर में होली के अवसर पर विभिन्न स्थानों पर भव्य होली मिलन समारोह और फागोत्सव का आयोजन किया गया। विधायक कार्यालय, भाजपा कार्यालय समेत कई स्थानों पर ब्रज भाषा के फाग गीतों, नृत्य और सांस्कृतिक कार्यक्रमों के बीच लोगों ने एक-दूसरे को गुलाल लगाकर होली की शुभकामनाएं दीं।

भाजपा कार्यालय और विधायक कार्यालय में आयोजित कार्यक्रम में गरौठा विधायक जवाहरलाल राजपूत, जनप्रतिनिधि, पार्टी पदाधिकारी, कार्यकर्ता और बड़ी संख्या में नगर व ग्रामीण क्षेत्र के लोग शामिल हुए। सभी ने गले मिलकर प्रेम, एकता और सौहार्द का संदेश दिया। वहीं पूर्व विधायक बृजेन्द्र कुमार व्यास उर्फ



डमडम महाराज भी युवाओं और बच्चों के साथ रंगों में सराबोर नजर आए। स्वर्णकार समाज द्वारा आयोजित होली मिलन समारोह में भी सांस्कृतिक कार्यक्रम और भंडारे का आयोजन किया गया। इसी क्रम में गुरसरांय थाना परिसर में भी पुलिसकर्मियों और नागरिकों ने शांति व सद्भाव के साथ होली मिलन समारोह मनाया। पूरे नगर में दिनभर होली के रंग, संगीत और उत्साह का माहौल बना रहा।

# सीओ महेश कुमार व कोतवाली प्रभारी नरेंद्र यादव के कुशल नेतृत्व में इगलास में शांति और सौहार्द के साथ मनी होली




जिला नजर संवाददाता

**अलीगढ़ /इगलास।** तहसील इगलास क्षेत्र में इस वर्ष होली का पर्व पूरी तरह शांति, सौहार्द और भाईचारे के माहौल में संपन्न हुआ। पुलिस क्षेत्राधिकारी महेश कुमार और कोतवाली प्रभारी नरेंद्र यादव के कुशल नेतृत्व में पुलिस प्रशासन पूरे त्योहार के दौरान मुस्तैद नजर आया। वही कस्वा प्रभारी गंगाराम गंगवार ने अपने हमराई हेड कैनिस्टवल जबर सिंह के साथ पूरी बटालियन के साथ सजगता से मुस्तेद नजर आये होली के मद्देनजर पुलिस प्रशासन द्वारा पहले से ही व्यापक सुरक्षा व्यवस्था की गई थी। संवेदनशील स्थानों पर अतिरिक्त पुलिस बल की तैनाती के साथ-साथ पूरे क्षेत्र में लगातार गश्त की व्यवस्था की गई। पुलिस अधिकारियों ने स्वयं क्षेत्र में भ्रमण कर सुरक्षा व्यवस्था का जायजा लिया और लोगों से शांति बनाए रखने की अपील की।वही क्राइम इंस्पेक्टर सुभाष सिंह कठेरिया भी अलर्ट मूड मे मौजूद रहे ' त्योहार के दौरान कहीं से भी किसी प्रकार की अप्रिय घटना की सूचना नहीं मिली। प्रशासन की सतर्कता और सक्रियता के चलते लोगों ने होली का त्योहार हर्षोल्लास और आपसी भाईचारे के साथ मनाया। स्थानीय लोगों ने भी पुलिस प्रशासन के प्रयासों की सराहना करते हुए कहा कि सुरक्षा व्यवस्था बेहतर होने से लोगों ने बिना किसी भय के त्योहार का आनंद लिया। पुलिस अधिकारियों ने क्षेत्रवासियों से अपील की कि आगे भी इसी तरह आपसी प्रेम, भाईचारे और सौहार्द के साथ सभी त्योहारों को मनाएं और क्षेत्र में शांति व्यवस्था बनाए रखने में प्रशासन का सहयोग करें।

# होली मिलन समारोह में महिलाओं ने उड़ाया अबीर-गुलाल

जिला नजर संवाददाता

**गुरसरांय/झांसी।** नगर के एक गार्डन में होली मिलन समारोह का आयोजन शिल्पी मेकअप ब्यूटी पालर के तत्वाधान में आयोजित किया गया। सर्वप्रथम अतिथियों ने कार्यक्रम का शुभारम्भ दीप प्रज्वलित करके किया। आयोजित उक्त कार्यक्रम में महिलाओं ने जमकर अबीर गुलाल उड़ाया। इस अवसर पर महिलाओं ने होली गीत,म्यूजिकल चेयर गेम,रैंप वॉक,सिंगल नृत्य,ग्रुप नृत्य,वाटर नृत्य इत्यादि नृत्य के माध्यम से लोगों को भाव-विभोर किया। वहीं सौहार्दपूर्ण वातावरण में पर्व मनाने का आह्वान किया। इस अवसर पर



शिल्पी मेकअप ब्यूटी पालर की संचालिका शिल्पी ने कहा कि रंगों का पर्व हमें आपसी भाइचारे व समरसता के सूत्र में बांधने का काम करता है। उन्होंने रंगों के इस पावन उत्सव में संदेश दिया की होली केवल रंगों का त्यौहार नहीं बल्कि आपसी प्रेम सौहार्द और भाईचारे का पर्व है जब भक्ति और परंपरा के रंग एक साथ घुलते हैं,तो उत्सव और भी खास बन जाता है। हर वर्ष हम लोग होली मिलन समारोह कार्यक्रम आयोजित करते है इस आयोजन में महिलाएं बढ़-चढ़कर हिस्सा लेती हैं,जिससे नई पीढ़ी भी अपनी संस्कृति से जुड़ी रहती है,उन्होंने लोगों को पर्व की बधाई देते हुए शुभकामनाएं दीं।अंत में महिलाओं ने एक दूसरे को अबीर गुलाल लगाकर पारम्परिक मिष्ठान के साथ होली पर्व की बधाई दी। कार्यक्रम में महिलाओं ने होली गीत सुनाकर लोगों को झूमने के लिए विवश कर दिया। इस अवसर पर लकी सेंन,काजल साहु,शालू साहु राधिका,रश्मि खरे,स्वीटी,सुनैना सेंन,मनीषा,रक्षा सोनी सहित अन्य महिलाएं मौजूद रहे।

# टी20 विश्वकप के फाइनल में पहुंचा भारत

## इंग्लैंड को 7 रन से हराया, न्यूजीलैंड से होगी खिताबी टक्कर

मुंबई

संजू सैमसन की शानदार बल्लेबाजी के बाद भारतीय गेंदबाजों के दमदार प्रदर्शन की बदौलत टीम इंडिया ने टी20 विश्व कप 2026 के सेमीफाइनल में इंग्लैंड को सात रन से हराकर फाइनल में प्रवेश कर लिया। अब भारत का रविवार को न्यूजीलैंड से अहमदाबाद में फाइनल मुकाबले में सामना होगा।

संजू सैमसन की शानदार बल्लेबाजी के बाद भारतीय गेंदबाजों के दमदार प्रदर्शन की बदौलत टीम इंडिया ने टी20 विश्व कप 2026 के सेमीफाइनल में इंग्लैंड को सात रन से हराकर फाइनल में प्रवेश कर लिया। गुरुवार को मुंबई के वानखेड़े स्टेडियम में खेले गए मुकाबले में इंग्लैंड ने टॉस जीतकर पहले गेंदबाजी का फैसला किया। भारत ने सैमसन की तूफानी अर्धशतकीय पारी (89 रन) की मदद से 20 ओवर में सात विकेट पर 253 रन बनाए। जवाब में इंग्लैंड की टीम निर्धारित ओवरों में सात विकेट पर 246 रन ही बना सकी। उनके लिए जैकब बेथेल ने 105 रन बनाए। वहीं, भारत के लिए हार्दिक पांड्या ने दो विकेट लिए जबकि अर्शदीप सिंह, जसप्रीत बुमराह, वरुण चक्रवर्ती और अक्षर पटेल ने एक-एक सफलता अपने नाम की। अब टीम इंडिया का सामना रविवार को इस विश्व कप के फाइनल मुकाबले में न्यूजीलैंड से होगा। रविवार यानी 8 मार्च को खिताबी मुकाबला अहमदाबाद के नरेंद्र मोदी स्टेडियम में खेला जाएगा। भारत लगातार दूसरी बार खिताब जीतने का लक्ष्य लेकर उतरेगा। सैम करन 18 रन बनाकर आउट हो गए। हार्दिक को यह सफलता मिली। अब ओवरटन आए हैं। जैकब बेथेल ने 45 गेंदों में अपना शतक पूरा कर लिया है। भारत को पांचवीं सफलता अर्शदीप सिंह ने दिलाई। उन्होंने शिवम दुबे के हाथों विल जैक्स को आउट कराया। वह 20 गेंदों में 35 रन बनाकर पवेलियन लौटे। अब टॉम बैंटन और सैम करन क्रीज पर मौजूद हैं।



जैकब बेथेल ने 19 गेंदों में अपना अर्धशतक पूरा कर लिया। वह शानदार फॉर्म में नजर आ रहे हैं और विल जैक्स के साथ पांचवें विकेट के लिए 36 रनों की साझेदारी निभा चुके हैं। 11 ओवर के बाद इंग्लैंड का स्कोर चार विकेट पर 131 रन बना लिए हैं। अक्षर पटेल ने टॉम बेंटन को आउट कर इंग्लैंड को चौथा झटका दिया। बेंटन पांच गेंदों पर एक चौका और दो छक्कों की मदद से 17 रन बनाकर आउट हुए। इंग्लैंड को दूसरा झटका बुमराह ने दिया। उन्होंने हैरी ब्रूक को अक्षर पटेल के हाथों कैच कराया। वह सात रन बनाकर आउट हुए। अब बटलर का साथ देने जैकब बेथल आए हैं। हार्दिक पांड्या ने भारत को पहली सफलता दिलाई है। उन्होंने फिल सॉल्ट को अक्षर पटेल के हाथों कैच कराया। वह सिर्फ पांच रन बना पाए। अब बटलर का साथ देने हैरी ब्रूक आए हैं।

भारत ने इंग्लैंड के सामने 254 रनों का लक्ष्य रखा है। टॉस हारकर पहले बल्लेबाजी करने उतरी टीम इंडिया ने 20 ओवर में सात विकेट पर 253 रन बनाए। उनके लिए संजू सैमसन ने 42 गेंदों में 89 रनों की दमदार पारी खेली। वहीं, शिवम दुबे ने 43 रन बनाए। इस मैच में इंग्लैंड के लिए आदिल रशीद और विल जैक्स ने दो-दो विकेट लिए जबकि जोफ्रा आर्चर ने एक सफलता अपने नाम की। भारत को पांचवां झटका शिवम दुबे के रूप में लगा। वह रन आउट हो गए। दुबे ने इस मैच में 25 गेंदों का सामना किया और 43 रन बनाकर आउट हुए।

## सेमीफाइनल में सैमसन ने 200+ के स्ट्राइक रेट से की बल्लेबाजी, इस मामले में कोहली के बराबर पहुंचे

मुंबई


भारतीय टीम के सलामी बल्लेबाज संजू सैमसन ने इंग्लैंड के खिलाफ सेमीफाइनल मैच में दमदार बल्लेबाजी की। सैमसन ने टी20 विश्व कप में अपना लगातार दूसरा अर्धशतक लगाया और साबित किया कि उन्हें प्लेइंग-11 में शामिल करने का फैसला सही था। सैमसन ने इससे पहले वेस्टइंडीज के खिलाफ कोलकाता में नाबाद 97 रनों की पारी खेलकर टीम को सेमीफाइनल का टिकट दिलाया था और अब इंग्लैंड के खिलाफ भी उन्होंने उम्दा प्रदर्शन किया। इंग्लैंड ने टॉस जीतकर भारत को पहले बल्लेबाजी का न्योता दिया। भारत के लिए एक बार फिर संजू सैमसन और अभिषेक शर्मा ने पारी की शुरूआत की। सैमसन ने पहले ही ओवर में जोफ्रा आर्चर पर एक चौका और एक छक्का जड़कर अपने इरादे जाहिर कर दिए थे। अभिषेक हालांकि, एक बार फिर सस्ते में आउट हुए जिसके बाद सैमसन पर दबाव बढ़ा। सैमसन ने एक खराब शॉट खेला, लेकिन भाग्य ने उनका साथ दिया। सैमसन ने यहां से पलट कर नहीं देखा और पावरप्ले में धुआंधार बल्लेबाजी जारी रखी। संजू के कारण ही भारत पावरप्ले में 60 रन का आंकड़ा पार कर सका।

अभिषेक के आउट होने के बाद सैमसन ने ईशान किशन के साथ मिलकर साझेदारी बनाई। इन दोनों बल्लेबाजों ने इंग्लैंड के गेंदबाजों पर ताबड़तोड़ हमले किए और भारत की रन गति को तेज रखा। ईशान और सैमसन के बीच दूसरे विकेट के लिए 45 गेंदों पर 97 रनों की साझेदारी की और इसमें अधिक योगदान सैमसन का रहा। ये टी20 विश्व कप के नॉकआउट में भारत के लिए सबसे बड़ी साझेदारी है। इन्होंने युवराज सिंह और रॉबिन उथप्पा को पीछे छोड़ा जिन्होंने 2007 में ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ 84 रनों की साझेदारी की थी। सैमसन का साथ इस मैच में भाग्य ने भी बखूबी निभाया। सैमसन जब 15 रन के स्कोर पर थे, तब इंग्लैंड के कप्तान हैरी ब्रूक ने उनका आसान सा कैच छोड़ दिया।

## लद्दाख के उपराज्यपाल कविंद्र गुप्ता ने दिया इस्तीफा! अचानक आए फैसले से केंद्र में हलचल

**लद्दाख**। लेफ्टिनेंट गवर्नर कविंदर गुप्ता ने ऑफिस संभालने के आठ महीने में ही गुरुवार को अपने पद से इस्तीफा दे दिया। कविंदर गुप्ता ने 18 जुलाई, 2025 को शपथ ली थी और केंद्र शासित प्रदेश के तीसरे छत्र बने थे। उनके कार्यकाल के दौरान इलाके में अशांति बढ़ रही थी, जहां लेह एपेक्स बॉडी और कारगिल डेमोक्रेटिक अलायंस जैसे सिविल सोसाइटी ग्रुप और संगठन राज्य का दर्जा, छठी अनुसूची की सुरक्षा और स्थानीय लोगों के लिए नौकरी में आरक्षण के लिए विरोध कर रहे थे। रिपोर्ट्स में यह भी कहा गया है कि गुप्ता को बुधवार को एक स्थानीय मठ के दौरे के दौरान लोगों के गुस्से का सामना करना पड़ा।

66 साल के गुप्ता 13 साल की उम्र में राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ में शामिल हो गए थे। इमरजेंसी के दौरान उन्हें तेरह महीने जेल हुई थी। 1978 से 1979 तक विश्व हिंदू परिषद की पंजाब यूनिट के सेक्रेटरी के तौर पर काम करते हुए, वह 1993 से 1998 तक भारतीय युवा मोर्चा की



जम्मू और कश्मीर यूनिट के चीफ भी रहे।


### लगातार तीन बार चुने गए जम्मू के मेयर

वह 2005 से 2010 तक लगातार तीन बार जम्मू के मेयर चुने गए। 2014 के जम्मू और कश्मीर असेंबली इलेक्शन में, उन्होंने भारतीय जनता पार्टी के मेंबर के तौर पर चुनाव लड़ा और जम्मू के गांधीनगर सीट से कांग्रेस के मौजूदा टछअ रमन भल्ला को हराकर चुने गए।

### जम्मू कश्मीर असेंबली के पहले बीजेपी स्पीकर

19 मार्च, 2015 को, गुप्ता जम्मू कश्मीर असेंबली के स्पीकर चुने गए, और इस पोस्ट पर बैठने वाले भारतीय जनता पार्टी के पहले लीडर बने। 30 अप्रैल 2018 को, गुप्ता को कैबिनेट में फेरबदल के तहत डिप्टी चीफ मिनिस्टर बनाया गया, उन्होंने निर्मल कुमार सिंह की जगह ली। 19 जून, 2018 को, गुप्ता ने शपथ लेने के 51 दिन बाद डिप्टी चीफ मिनिस्टर के पद से इस्तीफा दे दिया, क्योंकि इखढ ने ढढझ के साथ गठबंधन से अपना नाम वापस ले लिया था। राम माधव, जो उस समय इखढ के नेशनल जनरल सेक्रेटरी थे, ने उस प्रेस कॉन्फ्रेंस की अध्यक्षता की जिसमें गठबंधन खत्म करने की घोषणा की गई थी।

## सेमीफाइनल में दिखी अक्षर पटेल की फुर्ती, दो बार अपने कैच से चौंकाया खुशी से झूम उठे कोच गंभीर





मुंबई

भारत और इंग्लैंड के बीच खेले गए टी20 विश्व कप सेमीफाइनल मुकाबले में भारतीय टीम के ऑलराउंडर अक्षर पटेल ने अपनी शानदार फील्डिंग से सभी का ध्यान खींच लिया। उन्होंने मैच के अलग-अलग मौकों पर दो बेहद कठिन कैच लपककर इंग्लैंड के बल्लेबाजों को पवेलियन भेजा और टीम इंडिया को अहम सफलता दिलाई। अक्षर की फुर्ती और सूझबूझ भरी फील्डिंग देखकर टीम के कोच गौतम गंभीर भी खुशी से झूम उठे। इंग्लैंड की पारी के चौथे ओवर की पहली गेंद पर भारत को दूसरी सफलता मिली। तेज गेंदबाज जसप्रीत बुमराह ने धीमी गेंद डाली, जिसे बल्लेबाज हैरी ब्रूक ठीक से पढ़ नहीं पाए और जोर से शॉट खेलने की कोशिश कर बैठे। गेंद प्वॉइन्ट के ऊपर से निकलती हुई पीछे की ओर जा रही थी। ऐसे में अक्षर पटेल ने तेजी से कई गज पीछे की ओर दौड़ लगाई, गेंद पर नजर बनाए रखी और कंधे के ऊपर से गिरती हुई गेंद को शानदार तरीके से पकड़ लिया। भीड़ से भरे स्टेडियम के सामने लिया गया यह कैच शानदार रहा। पारी के 14वें ओवर की आखिरी गेंद पर अक्षर पटेल ने एक और कमाल कर दिखाया। यह कैच रिले कैच के रूप में पूरा हुआ। गेंदबाज की वाइड और लो फुलटॉस गेंद पर विल जैक्स ने कवर की दिशा में शॉट खेला। गेंद बाउंड्री की ओर जा रही थी, तभी डीप कवर से अक्षर पटेल तेजी से बाईं ओर दौड़े। उन्होंने गेंद को पकड़ते हुए देखा कि उनका संतुलन बाउंड्री के पार जा सकता है। ऐसे में अक्षर ने शानदार सूझबूझ दिखाते हुए एक हाथ से गेंद को अंदर की ओर फेंक दिया, जहां से साथी खिलाड़ी शिवम दुबे ने कैच पूरा किया। अक्षर बाउंड्री पार चले गए, लेकिन तब तक गेंद सुरक्षित रूप से दुबे के हाथों में जा चुकी थी। इस शानदार रिले कैच के बाद भारतीय खिलाड़ी दौड़कर अक्षर पटेल के पास पहुंचे और उनकी जमकर तारीफ की।